संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -311 गुरूवार ,12 सितम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## ये जो आरक्षण है...पहले इसी मुद्दे पर बीजेपी को घेर रहे थे राहुल गांधी

» अब यूएस में बोलकर खुद निशाने पर आए...



**नई दिल्ली,11 सितंबर 2024 (ए)।** कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौरे पर दिए विवादित बयानों से देश का सियासी पारा हाई कर दिया है। राहुल गांधी ने अमेरिका में जाकर चीन की तारीफ की, भारत में सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता की बात की,जातिगत आरक्षण और बेरोजगारी को लेकर विवादित बयान दिए और भारत विरोधी अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से भी मुलाकात की इसको लेकर वह सियासी निशाने पर आ गए हैं।

### राहुल गांधी ने जातिगत आरक्षण वाले बयान पर फौरन सफाई दी

भारत में सियासी तौर पर राहुल गांधी के विरोधियों को उनका सिखों से जुड़ा बयान और जातिगत आरक्षण को खत्म करने वाला बयान सबसे ज्यादा नागवार गुजरा है। हालांकि, राहुल गांधी ने वाशिंगटन डीसी में ही सबसे पहले आरक्षण वाले बयान पर सफाई दी है. राहुल ने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से दिखाया गया है। कांग्रेस तो सत्ता में आने के बाद आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से भी ज्यादा करेगी। उन्होंने कहा कि वह और उनकी कांग्रेस पार्टी आरक्षण के खिलाफ नहीं है. बल्कि वो तो सभी की भागीदारी के लिए राजनीति कर रहे हैं।

## गणेश विसर्जन के दौरान हिंसा

### भीड़ ने कई दुकानें फूंकीं

**हैदराबाद,,11 सितंबर 2024 (ए)।** कर्नाटक के नगमंगला, मांड्या में गणेश विसर्जन के दौरान झड़प का मामला सामने आया है। दो संप्रदायों के बीच हुआ ये टकराव इतना बढ़ा कि हालात बेहद तानवपूर्ण हो गए। सामने आया है कि उपद्रवियों द्वारा कई दुकानों,



जिनमें पेंट की दुकानें, बाइक शोरूम और कपड़ों की दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे ये पूरी तरह जलकर राख हो गईं। सड़कों पर खड़ी मोटरसाइकिलों को भी निशाना बनाकर आग लगा दी गई, जिससे तनाव और बढ़ गया और दोनों समुदाय हिंसा पर उतर आए। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने इलाके में हाई अलर्ट जारी किया है और बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी गई है।

# 70 वर्ष के सभी लोगों को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ

**5 लाख तक मुफ्त इलाज, 4.5 करोड़ परिवार आएंगे बीजेपी ने घोषणापत्र में वादा किया था...**




**नई दिल्ली,11 सितंबर 2024 (ए)।** केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को और विस्तार दे दिया है। अब 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके तहत हर साल 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त कराया जा सकता है। बुधवार को मोदी कैबिनेट ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है।

सरकार के मुताबिक,6 करोड़ सीनियर सिटीजंस को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसमें देश के करीब 4.5 करोड़ परिवार शामिल होंगे। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में यह वादा किया था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि शुरुआत में योजना के लिए 3,437 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जैसे-जैसे लोग इस योजना से जुड़ेंगे, इसका दायरा बढ़ाया जाएगा।

सरकार ने कहा कि 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्ग चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, वे इस योजना का फायदा उठा सकेंगे। उनके लिए एक नया अलग कार्ड जारी किया जाएगा।

अगर कोई बुजुर्ग पहले से किसी हेल्थ इंश्योरेंस योजना का फायदा ले रहे हैं तो वे अपनी मौजूदा योजना या फिर आयुष्मान भारत स्कीम को चुन सकते हैं।

**इस योजना में सभी बीमारियां होती हैं कवर**

आयुष्मान योजना में पुरानी बीमारियां भी कवर होती हैं। किसी बीमारी में अस्पताल में एडमिट होने से पहले और बाद के खर्च इसमें कवर होते हैं। ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च इसमें कवर होता है। सभी मेडिकल जांच, ऑपरेशन, इलाज जैसी चीजें इसमें शामिल हैं। इस योजना के तहत अब तक साढ़े 5 करोड़ से ज्यादा लोग अपना इलाज करा चुके हैं।

## नीरव मोदी पर ईडी का बड़ा एक्शन

» करोड़ों रुपये की संपत्ति और बैंक बैलेंस जब्त



**नई दिल्ली,11 सितंबर 2024 (ए)।** भारतीय बैंकों को हजारों करोड़ रुपये का चूना लगाने वाला भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी को बड़ा झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय ने नीरव मोदी की 29 करोड़ 75 लाख रुपये की अचल संपत्ति और बैंक बैलेंस को जब्त किया है। ये कार्रवाई भगोड़े नीरव मोदी के खिलाफ पीएनबी बैंक घोटाले के मामले में हुई है। 6498 करोड़ रुपये के इस बैंक फ्रॉड मामले में ईडी ने सीबीआई की एफआईआर पर अपनी जांच शुरू की थी। जांच के दौरान ईडी को नीरव मोदी और उसकी ग्रुप ऑफ कंपनी की जमीन, बैंक अकाउंट का पता चला था।

### ईडी अब तक 2596 करोड़ रुपये की संपत्ति कर चुकी अटैच

इन संपत्तियों को धनशोधन निवारण अधिनियम , 2022 के तहत अस्थायी रूप से जब्त किया गया है। पीएमएलए जांच के दौरान ईडी ने पहले नीरव मोदी और उसके सहयोगियों की भारत और विदेशों में करीब 2596 करोड़ की चल और अचल संपत्तियों को जब्त किया था।

### ब्रिटेन की जेल में बंद है नीरव मोदी

इस साल की शुरुआत में, नीरव मोदी ने यूके कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन किया था और यूके कोर्ट ने सातवीं बार उसकी जमानत खारिज कर दी थी। नीरव मोदी द्वारा जमानत आदेश के खिलाफ यूके उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर की गई थी, जिसे बाद में वापस ले लिया गया था। फिलहाल वह ब्रिटेन की जेल में बंद है और आगे की जांच जारी है।

## अदालत का अनुवादक 25 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**मुंबई,11 सितंबर 2024 (ए)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक मामले को निपटाने के लिए एक होटल व्यवसायी से 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में लघु दावा अदालत में एक अनुवादक और दुभाषिया विशाल सावंत को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस संबंध में एसीबी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ताओं के स्वामित्व अधिकार को लेकर धोबी झील स्थित लघु दावा न्यायालय में एक मुकदमा दायर किया गया है। इस दावे का अंतिम परिणाम लंबित है। आरोपी लोक सेवक विशाल सावंत ने शिकायतकर्ता से यह कहकर 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी कि वह दावे का निपटारा उसके पक्ष में करा देगा। शिकायतकर्ताओं ने इस मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक विभाग, मुंबई कार्यालय में दर्ज कराई। 9 सितंबर को शिकायत का सत्यापन किया गया। इसमें पाया गया कि सावंत ने शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला कराने के लिए 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में आगे की जांच एसीबी कर रही है।

## दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके




**नई दिल्ली,11 सितंबर 2024 (ए)।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार दोपहर करीब 1 बजे का समय, लोग ऑफिस में लंच के लिए निकलने ही वाले थे, तभी भूकंप के तेज झटकों से लोग कांप गए। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान के क्रूर इलाके में बताया जा रहा है और रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.8 मापी गई है।

## देश को एक-साथ मिलने जा रही 10 वंदे भारत की सौगात

» 15 सितंबर को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी



**नई दिल्ली,11 सितंबर 2024 (ए)।** इंडियन रेलवे अपने आधुनिकता की ओर तेजी से अग्रसर है। ऐसे में एक के बाद एक नई वंदे भारत देश के कई हिस्सों में चलाई जा रही है। इसी सिलसिले में 15 सितंबर को अलग-अलग राज्यों को 10 वंदे भारती की सौगात मिलने वाली है। पीएम मोदी झारखंड के जमशेदपुर से इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ऐसा पहली बार है जब एक साथ 10 वंदे भारत ट्रेनें शुरू की जा रही हैं। इससे पहले पीएम ने मुंबई-गोवा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दी थी।

### इन राज्यों को मिलेगी नई वंदे भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर पहुंचेंगे, जहां से हरी झंडी दिखाई जाएंगी। ये सभी वंदे भारत ट्रेन देशभर के अलग-अलग रेलवे स्टेशन से चलेंगी। जानकारी के मुताबिक, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में ये सौगात मिलने जा रही है। ये दसों वंदे भारत ट्रेन 15 सितंबर से चलाई जाएगी इनमें से सबसे ज्यादा ट्रेनें बिहार से होकर गुजरेंगी। बता दें कि अभी तक देश के अलग-अलग रूटों पर कुल 54 जोड़ी वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं, जो 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 280 से अधिक जिलों से गुजरती हैं।

### ओडिशा को मिलेंगी 3 नई वंदे भारत ट्रेनें

**ईस्ट कोस्ट रेलवे ने कहा कि 15 सितंबर से कम से कम 3 और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें ओडिशा से होकर चलाई जाएंगी। ओडिशा से होकर गुजरने वाली नई ट्रेनें राउरकेला-हावड़ा, टाटा-बरहामपुर और दुर्ग-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस हैं। ओडिशा में रेलवे के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने 2024-25 में 10,586 करोड़ रुपये का बजट बनाया है।**

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सुरक्षा बलों-आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

» जैश-ए-मोहम्मद के दो टॉप कमांडर ढेर,ऑपरेशन जारी



**कठुआ,11 सितंबर 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई, जिसमें आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के दो टॉप कमांडर मार गिराए गए। यह मुठभेड़ बुधवार सुबह उस समय शुरू हुई जब सुरक्षाबलों को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। भारतीय सेना ने जानकारी देते हुए बताया की राइजिंग स्टार कॉर्प्स के जवानों द्वारा कठुआ के खंडरा में चल रहे ऑपरेशन में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। सुरक्षाबलों ने क्षेत्र को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद आतंकियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया। दोनों आतंकियों की पहचान जैश-ए-मोहम्मद के टॉप कमांडरों के रूप में की गई है, जो कई आतंकी गतिविधियों में शामिल थे।फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है, क्योंकि सुरक्षा बलों को शक है कि कुछ और आतंकी इस क्षेत्र में छिपे हो सकते हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान लगातार जारी है। इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने कठुआ और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि कोई भी आतंकवादी भागने में सफल न हो सके। जैश-ए-मोहम्मद के इन दो कमांडरों का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

## संजौली में मस्जिद को लेकर हालात बेकाबू

» प्रदर्शनकारियों ने तोड़ा सुरक्षा घेरा

**शिमला,11 सितंबर 2024 (ए)।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में संजौली मस्जिद को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। जिला प्रशासन ने कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संजौली क्षेत्र में धारा 163 लागू कर दी है। इस निर्णय के तहत, क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

### लाठीचार्ज और झड़पों में कई घायल

मस्जिद में कथित अवैध ढांचे को गिराने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे कई लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के सुरक्षा घेरे को तोड़ दिया और स्थिति उग्र हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया।

### चक्का जाम और गिरफ्तारी

प्रदर्शनकारियों ने संजौली क्षेत्र में चक्का जाम किया और पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ते हुए मस्जिद की ओर बढ़ने की कोशिश की। हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष कमल गौतम सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जब वे मस्जिद के करीब पहुंचने की कोशिश कर रहे थे।



## संपादकीय

# अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्वरूप

**मुख्य** आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है? आखिर इस मुकाम तक हम पिछले साढ़े तीन दशक में अपनाई गई नीतियों की वजह से पहुंचे हैं।भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने आखिरकार अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्वरूप को लेकर वह चेतावनी दी है, जिस पर अर्थ जगत में पहले से चिंता रही है। नागेश्वरन ने अर्थव्यवस्था के वित्तीयकरण में निहित खतरों को लेकर आगाह किया है। उन्होंने देश के ÷वित्तीयकरण के जाल÷ में फंसने की आशंका जताई है। जब शेयर बाजार का सकल पूंजी मूल्य जीडीपी के 140 प्रतिशत तक पहुंच गया हो, तो समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था किस मुकाम पर है। नागेश्वरन ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में हो रहे रिकॉर्ड मुनाफे से एक ऐसी परिघटना सामने आई है, जिस पर कड़ी नजर रखनी होगी। उनकी ये बातें खास गौरतलब है- जब बाजार का आकार अर्थव्यवस्था से बड़ा हो जाता है, तब यह स्वाभाविक है कि बाजार के हित और उसकी प्राथमिकताएं सार्वजनिक विमर्श पर हावी हो जाती हैं, हालांकि ऐसा होना तार्किक रूप से जरूरी नहीं है। यहां मैं उस परिघटना का जिक्र कर रहा हूं, जिसे वित्तीयकरण अथवा नीति एवं सकल अर्थव्यवस्था के लाभों पर वित्तीय बाजार के वर्चस्व के रूप में जाना जाता है।' ऐसा होने पर क्या होता है, इसकी चर्चा भी मुख्य आर्थिक सलाहकार ने की है।उनके मुताबिक सार्वजनिक एवं निजी ऋण का अभूतपूर्व ऊंचा स्तर-जिसमें से कुछ ऋण विनियामकों को मालूम है और कुछ नहीं, परिसंपत्तियों की मूल्य वृद्धि पर आर्थिक वृद्धि का निर्भर हो जाना और उसके परिणामस्वरूप गैर-बराबरी में भारी बढ़ोतरी, ये वित्तीय वर्चस्व वाली अर्थव्यवस्था के परिणाम हैं। उन्होंने आगाह किया कि भारत को ऐसे परिणामों से बचने का प्रयास करना चाहिए। नागेश्वरन की ये बातें सोलह आने सच हैं। अर्थव्यवस्था के यह रूप लेने के दुष्परिणाम आज कभी औद्योगिक शक्ति से दुनिया पर अपना दबदबा बनाने वाले विकसित देश भी झेल रहे हैं। मगर सवाल है कि मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है? आखिर इस मुकाम तक हम पिछले साढ़े तीन दशक में अपनाई गई नीतियों की वजह से पहुंचे हैं। क्या नागश्वेरन जिस सरकार से जुड़े हैं, उसमें ये दिशा बदलने का बौद्धिक साहस और माद्दा मौजूद है?

# मातृभाषा हमें सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने से जोड़ती है...



-डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा

**मातृभाषा में पढाई वैचारिक समझ के आधार पर एक घरेलू प्रणाली के साथ सीखने और परीक्षा-आधारित शिक्षा की रट विधि को बदलने में मदद करेगा। जिसका उद्देश्य छात्र के अपनी भाषा में ज्ञानात्मक कौशल को सुधारना है,ताकि वह अन्य भाषाओं के बोझ तले न दब सके और चाव से अपनी प्राथमिक शिक्षा को पूर्ण कर सके। इस हिंदी दिवस पर हमें इस बात को जोर-शोर से प्रचारित करना चाहिए ताकि अभिभावक अपने बच्चों पर बेवजह का दबाव बनाकर उन्हें मात्र इंग्लिश मीडियम में भेजने का धक्का न करें...**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों में बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मंजूरी दी। देश के लिए नई शिक्षा नीति लगभग 34 वर्षों के बाद आई है। यह मौजूदा शिक्षा प्रणाली के लिए कुछ नया लेकर आई है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कक्षा 5 तक की शिक्षा के माध्यम के रूप में घरेलू भाषा, मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा बनाने का निर्णय है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राष्ट्र निर्माण में दीर्घकालिक प्रभाव पैदा कर सकता है। मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में स्कूली शिक्षा प्रदान करना मानव संसाधन विकास की चल रही प्रक्रिया में भारी बदलाव ला सकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि क्षेत्रीय भाषाएं मानवीय मूल्यों और भावनाओं को बढ़ाने में मदद करती हैं और मातृभाषा सीखने से भविष्य की पीढ़ियों को अपने सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने के साथ संबंध बनाने में मदद मिलेगी। एक बच्चे की मातृभाषा में प्रारंभिक स्कूलिंग, जैसा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सिफारिश की गई है, सीखने में सुधार कर सकती है, छात्र की भागीदारी को बढ़ा सकती है और दुनिया भर के बोझ को कम कर सकती है. हालांकि, इसके लिए नई पुस्तकों, नए शिक्षक प्रशिक्षण और अधिक धन की आवश्यकता होगी, इसके अलावा, भारत में भाषाओं और बोलियों की बहुलता को देखते हुए, यह उस क्षेत्र में एक निर्देश के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है जिस पर अन्य भाषाओं में काम करना मुश्किल है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) कहती है कि ग्रेड तक स्कूलों में शिक्षा का माध्यम जहां भी संभव हो,आठवीं कक्षा तक, मातृभाषा या स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास जल्दी किए जाएंगे ताकि बच्चे द्वारा बोली जाने वाली भाषा और शिक्षण के माध्यम के बीच कोई अंतराल न रहे। प्रारंभिक स्कूल के वर्षों में बच्चे को सबसे अधिक आरामदायक भाषा का उपयोग करना इसकी स्कूली उपस्थिति और सीखने के परिणामों में सुधार करता है। दुनिया भर के अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि यह कक्षा की भागीदारी को बढ़ाता है, ड्रॉपआउट और ग्रेड पुनरावृत्ति की संख्या को कम करता है।

यह उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से परिचित कराने का अवसर भी प्रदान करता है।

ऐसा होने के बावजूद निम्न और मध्यम आय वाले देशों के सभी बच्चों को उनके द्वारा बोली जाने वाली भाषा में पढ़ाया नहीं जाता है। आज के अभिभावक अपने बच्चों को-इंग्लिश-मीडियम 'स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं, भले ही वे शिक्षा की गुणवत्ता की परवाह किए बिना यह मानते हों कि अंग्रेजी भाषा की महारत बाद के जीवन में सफलता सुनिश्चित करती है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी स्कूलों में दाखिला लेने वाले और शहरी क्षेत्रों में 19.3 प्रतिशत लोगों में से लगभग 14 प्रतिशत ने एक निजी स्कूल चुना।

क्योंकि वहां अंग्रेजी शिक्षा का माध्यम था। विशेषज्ञों का तर्क है कि एक अंग्रेजी शिक्षा हमेशा सबसे अच्छी नहीं होती है। कोई भी उस भाषा में सबसे अच्छा पढ़ना और लिखना सीख सकता है जिसे आप पहले दिन से जानते हैं। अच्छी शिक्षा तब होती है जब बच्चों में उच्च आत्म-सम्मान होता है, उन्हें कक्षा में अच्छी तरह से समायोजित किया जाता है जो एक सकारात्मक और भयमुक्त वातावरण प्रदान करता है। यदि बच्चे को ऐसी भाषा में पढ़ाया जाता है जो उन्हें समझ में नहीं आता है, तो इसमें से कुछ भी नहीं होगा।

ग्रामीण भारत में, ग्रेड ढ्ढ में नामांकित केवल 16.2 प्रतिशत बच्चे ही ग्रेड-स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं, जबकि केवल 39.5 प्रतिशत ही एक-अंकीय संख्याओं को जोड़ सकते हैं। 2011 की जनगणना ने 270 मातृभाषाओं को सूचीबद्ध किया,इनमें से, अध्ययन के अनुसार, 47 भाषाओं को भारतीय कक्षाओं में शिक्षा के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया गया था। लेकिन हम कम सीखने के परिणामों की समस्या को हल करने के लिए मातृभाषा में पढ़ाना कोई एकमात्र विकल्प भी नहीं मान सकते है। बहुभाषी शिक्षा के सफल होने के लिए शैक्षणिक परिवर्तन और प्रशिक्षित शिक्षकों का होना चाहिए जो कक्षा में कई भाषाओं से निपट सकते हैं और बच्चे की मातृभाषा में पढ़ा सकते हैं।

प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा का उपयोग करने का विचार भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए नया नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 350 कहता है कि प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकरण को भाषाई अल्पसंख्यक समूहों से संबंधित बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए।

शिक्षा और राष्ट्रीय विकास (1964-66) पर कोठारी आयोग की रिपोर्ट ने सुझाव दिया कि आदिवासी क्षेत्रों में, स्कूल के पहले दो वर्षों के लिए, निर्देश और पुस्तकों का माध्यम स्थानीय जनजातीय भाषा में होना चाहिए। क्षेत्रीय भाषा को अलग से पढ़ाया जाना चाहिए और तीसरे वर्ष तक शिक्षा का माध्यम बनना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 ने यह भी कहा कि जहां तक संभव हो, स्कूल में शिक्षा का माध्यम बच्चे की मातृभाषा होना चाहिए। भारत में कई भाषाएं हैं, 2011 की जनगणना में 270 मातृभाषाओं की पहचान की गई और कक्षाओं में एक से अधिक बोली जाने वाली भाषा वाले बच्चे हो सकते हैं।

सभी भाषाओं के लिए शिक्षा का माध्यम बनना संभव नहीं हो सकता है और देश के बड़े हिस्सों में इसे लागू करना संभव नहीं हो सकता है। द्विभाषी कार्यक्रमों में प्रारंभिक निवेश उच्चतर हो सकता है क्योंकि नई शिक्षण सामग्री को विकसित करने की अतिरिक्त लागत के लिए विशेष रूप से उन भाषाओं के लिए जिन्हें मानकीकृत नहीं किया गया है या जिनके पास स्क्रिप्ट नहीं है। इसके लिए बहुभाषी कक्षा में पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों और इन भाषाओं में धाराप्रवाह नए शिक्षकों की आवश्यकता होगी। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए अधिकांश राज्यों के अपने स्कूल बोर्ड हैं। इसलिए, राज्य सरकारों को इस फैसले के वास्तविक कार्यान्वयन के लिए आगे आना होगा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य हर छात्र के शैक्षिक और सह-शैक्षिक डोमेन में सर्वांगीण विकास करना है और छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शिक्षित करने पर जोर दिया गया है ताकि वे राष्ट्र की सेवा करने की अपनी क्षमता का पोषण कर सकें। लगभग तीन-चार वर्षों के लिए देश भर के कुछ स्कूलों में नए मॉडल की कोशिश करना, कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं की पहचान करना और परिवर्तन की लागत और फिर इन समस्याओं को हल करने वाली कार्य योजना तैयार करना है। इस से आसान और सुलभ तरीके प्रदान करके विभिन्न ज्ञान धाराओं के बीच पदानुक्रम और बाधाओं को दूर करने में बेहद फायदेमंद साबित होगी।

मातृभाषा में पढाई वैचारिक समझ के आधार पर एक घरेलू प्रणाली के साथ सीखने और परीक्षा-आधारित शिक्षा की रट विधि को बदलने में मदद करेगा। जिसका उद्देश्य छात्र के अपनी भाषा में ज्ञानात्मक कौशल को सुधारना है, ताकि वह अन्य भाषाओं के बोझ तले न दब सके और चाव से अपनी प्राथमिक शिक्षा को पूर्ण कर सके। इस हिंदी दिवस पर हमें इस बात को जोर-शोर से प्रचारित करना चाहिए ताकि अभिभावक अपने बच्चों पर बेवजह का दबाव बनाकर उन्हें मात्रा इंग्लिश मीडियम में भेजने का धक्का न करें। हमें इस धारणा को तोड़ना होगा जिसमें फंसकर आज के अभिभावक अपने बच्चों को-इंग्लिश-मीडियम 'स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं, भले ही वे शिक्षा की गुणवत्ता की परवाह किए बिना यह मानते हों कि अंग्रेजी भाषा की महारत बाद के जीवन में सफलता सुनिश्चित करती है।




### है हिंदी यूं हीन

बोल-तोल बदले सभी,
बदली सबकी चाल ।
परभाषा से देश का,
हाल हुआ बेहाल ।।
जल में रहकर ज्यों सदा,
प्यासी रहती मीन ।
होकर भाषा राज की,
है हिंदी यूं हीन ।।
अपनी भाषा साधना,
गूढ ज्ञान का सार ।
खुद की भाषा से बने,
निराकार, साकार ।।
हो जाते हैं हल सभी,
यक्ष प्रश्न तब मीत ।
निज भाषा से जब जुड़े,
जागे अन्तस प्रीत ।।
अपनी भाषा से करें,
अपने यूं आघात ।
हिंदी के उत्थान की,
इंग्लिश में हो बात ।।
हिंदी माँ का रूप है,
ममता की पहचान ।
हिंदी ने पैदा किये,
तुलसी ओ÷ रसखान ।।
मन से चाहे हम अगर,
भारत का उत्थान ।
परभाषा को त्यागकर,
बांटे हिंदी ज्ञान ।।
भाषा के बिन देश का,
होता कब उत्थान ।
बात पते की जो कही,
समझे वही सुजान ।।
जिनकी भाषा है नहीं,
उनका रुके विकास ।
परभाषा से होत है,हाथों-हाथ विनाश ।

# विकसित भारत के लिए भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलाव

हमारे देश की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र एक प्रकाश-पुंज की तरह है, जो विकसित भारत की दिशा में हमारे द्वारा उठाए जा रहे कदमों के रूप में प्रतिबिम्बित होता है। अब यह क्षेत्र केवल अर्थव्यवस्था में योगदानकर्ता भर नहीं रह गया है, बल्कि तेजी से भारत की विकास गाथा का आधार बनता जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में नीतियों, पहलों और बुनियादी ढांचे के विकास के बेहतरीन मिश्रण ने इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है, जिससे यह वैश्विक मंच पर एक मजबूत ताकत बनकर उभरा है। वर्तमान में भारत 3.7 ट्रिलियन डॉलर वाली समृद्ध अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 में देश की स्वतंत्रता की शताब्दी तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनना है।भारत में हो रहे बदलावों के मूल में इसकी समृद्ध कृषि-जलवायु विविधता है, जो हमारे किसानों को विभिन्न प्रकार की विशिष्ट फसलें उगाने में सक्षम बनाती है। दालें, मोटे अनाज, दूध, गेहूं, चावल तथा फलों और सब्जियों के उत्पादन में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश होने के रूप में, भारत के पास मूल्य वर्धन के लिए संसाधनों का अद्वितीय आधार मौजूद है। हमारे मेहनतकश किसानों द्वारा सावधानीपूर्वक पोषित इस कृषि प्रचुरता ने नवाचार और उद्यमिता के दौर को जन्म दिया है, जिससे उन्नतिशील खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का उदय हुआ है।यह क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास का आधार बन चुका है, जो रोजगार के अवसरों के सृजन, तकनीकी प्रगति और बाजार के नए अवसरों के निर्माण के माध्यम से विकास को गति दे रहा है। भारत शीर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बड़ी और सबसे युवा कामकाजी आबादी होने का भी दावा करता है, जिससे इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को और बढ़ावा मिलता है। उन्नत प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, इस उद्योग ने फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने, उत्पाद की शेल्फ लाइफ बढ़ाने और किसानों को उनके प्रयासों के लिए बेहतर रिटर्न दिलाना सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र जैसे-जैसे विकसित हो रहा है, यह न केवल गुणवत्ता के अंतर्राष्ट्रीय मानकों की कसौटी पर खरा उतर रहा है, बल्कि वैश्विक उपभोक्ताओं की लगातार बदलती पसंद और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए अपनी पेशकशों में विविधता भी ला रहा है। इस प्रकार कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के बीच का घनिष्ठ सामंजस्य आर्थिक प्रगति के शक्तिशाली साधन का रूप ले चुका है। यह इस बात को रेखांकित करता है कि हमारे किसान और कृषि देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत के कृषि उत्पाद दुनिया के कोने- कोने में संवर्धित मूल्य और गुणवत्ता के साथ पहुंचे। ऊर्जावान और युवा कार्यबल द्वारा समर्थित इस एकीकरण के माध्यम से, हम इस सशक्त, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी क्षेत्र के उद्भव का साक्षी बन रहे हैं जो भारत को एक समृद्ध और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाने के लिए तत्पर है। एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में, कोविड-19 महामारी ने इस क्षेत्र के प्रभावशाली लचीलेपन को दर्शाया, जो प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के अनुरूप तेजी से अनुकूलित हुआ। रेडी-टू-ईट, रेडी-टू-कुक और मूल्य-वर्धित उत्पादों की ओर धीरे-धीरे बदलाव ने खाद्य सुरक्षा और पोषण में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

**-रवनीत सिंह बिट्टू-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

### लौट आओ ना



प्रेम ठक्कर
दिकुप्रेमी
सूरत, गुजरात



हर आहट पे दिल को
सुकून सा आता है,
तेरी यादों में अब भी
दर्द जगमगाता है।
लौट आओ ना,
ये दिल बस यही पुकार करे,
तुझ बिन हर एक लम्हा
बस खाली सा रह जाता है।
हर ख्वाब में तुम ही हो,
हर बात में तेरा जिक्र,
तेरे बिना हर खुशी का
रंग फीका सा हो जाता है।
दिल की धड़कनों में
अब भी तेरा ही शोर है,
तेरे लौटने की उम्मीद से ये दिल
दिन-रात बांवला हो जाता है।
वो हंसी तेरी,
वो बातों का तेरा अंदाज़,
इन सांसों में अब भी
वो एहसास बस जाता है।
लौट आओ ना,
ये दिल तुझसे बंधा हुआ है,
तुझ बिन हर एक सपना
अब टूट कर बिखर जाता है।
हर आहट पे दिल को
सुकून सा आता है,
तेरी यादों में अब भी दर्द
जगमगाता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# मोबाइल,इंटरनेट बच्चों-बुजुर्गों के लिए जितना उपयोगी उतना ही विनाशक



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी,
रायपुर
छत्तीसगढ़

**ब**च्चों एवं बुजुर्गों के लिए मोबाइल, इंटरनेट वर्तमान युग में जितना उपयोगी है उतना ही उनकी आंखों,शरीर एवं मानसिक विकारों के लिए विनाशक भी है। आज इसके बिना शिक्षा स्वास्थ्य तकनीकी में कार्य नहीं किया जा सकता है पर दूसरी तरफ मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव भी मोबाइल इंटरनेट और कंप्यूटर से पड़ने लगा है।

टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में अपारनेट की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90 प्रतिशत लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 60त्न लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं धोनी माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं।



**इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक -दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है**

भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा,जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता 10 से लेकर 100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था अब इंटरनेट की कंपनियां 200 से लेकर 1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है। हालांकि यह सेवाएं स्वैच्छिक हैं, उपभोक्ता इंटरनेट की सेवाएं लेना चाहे तो ले अन्यथा केवल बातचीत करने की सेवाएं सी ले सकता है,पर एक बार इंटरनेट इस्तेमाल करने की आदत पे ने के बाद उपभोक्ता इसका आदी होने लगता है।अब स्थिति यह है कि सीधा 28,58,89 दिनों के लिए इंटरनेट के साथ बात करने की सुविधा महंगी दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब उपभोक्ता की जेबों में हमला कर उनका मासिक बजट बिगाड़ने का काम हो रहा है, इस तरह से बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट भी दिया जाना भारत के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति को और भी गरीबी के दलदल में धकेलने जैसा ही है। यह सभी कंपनियों का गरीब उपभोक्ता के जेबों में सीधे-सीधे पैसे निकालने का सुनियोजित षड्यंत्र की तरह कर रहीं है। भारत के हर तीसरे व्यक्ति के पास एंड्राइड या स्मार्टफोन उपलब्ध है और यह बड़ी कंपनियां हर माह इन उपभोक्ताओं को आवश्यक रूप से इंटरनेट उपलब्ध कराने के पैकेज देकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है। इस तरह के मोबाइल रिचार्ज पर सरकार को कड़ा कानून बनाकर इस के नियमन पर नियंत्रण रखना होगा। यह एक तरह की उपभोक्ताओं की परोक्ष तथा अदृश्य भावनाओं से खेल कर उनके बजट से आर्थिक लाभ लेने की सुनियोजित योजनाएं हैं ,जिनमें तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता होगी। भारत में इंटरनेट सेवा की शुरुआत भारत संचार निगम लिमिटेड ने वर्ष 1995 की थी अब एयरटेल, रिलायंस, टाटा इंडीकॉम, वोडाफोन, जैसी दूरसंचार कंपनियां इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराती है। विज्ञान की प्रकृति के साथ-साथ सूचना संचार माध्यम में आशातीत वृद्धि हुई है। इंटरनेट के माध्यम से न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती बल्कि रोजगार प्राप्ति के लिए सहायक होते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कहा जाता है कि इंटरनेट दुनिया के सबसे बड़ा पुस्तकालय है यहां सभी पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। इंटरनेट की एक को ही देखकर हमें भारतीय संदर्भ में आम उपभोक्ताओं के आर्थिक बजट को भी ध्यान में रखकर इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों पर नजर रख बातचीत करने के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ इंटरनेट उपलब्ध कराना एक विकल्प रखना चाहिए । अन्यथा सीधा-सीधा इंटरनेट कंपनियां भारतीय आम उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ने का काम ही कर रही है। इसके अलावा इंटरनेट से बच्चों तक अवांछित नग्न दृश्य भी इंटरनेट आसानी से उपलब्ध कराकर उनके भविष्य से खिलवाड़ भी कर रहा है। लोग इंटरनेट का दुरुपयोग कर अश्लील साइटों को देखने और सूचनाओं को चुराने में भी सकते इससे साइबर अपराधों में वृद्धि हुई है।भया दोहन की घटनाएं भी बार-बार इंटरनेट के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। अतः भारतीय उपभोक्ताओं को यह सलाह है कि इंटरनेट का ज्ञान की तरह उपयोग करें ,कूड़ेदान की तरह नहीं। यदि इसका सही उपयोग ज्ञान के सागर में गोता लगाने के लिए किया जाए और ज्ञान उपलब्ध हो सके तो इससे अच्छी कोई बात नहीं हो सकती। बस इसके आर्थिक पक्ष पर भी समुचित नजर रखी जानी चाहिए।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर 5 करोड़ के सोने की लूट,वारदात के बाद झारखण्ड भागे लुटेरे,सीसीटीवी फुटेज आया सामने

- संवाददाता -
बलरामपुर,11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में बदमाशों ने 5 करोड़ रुपए के सोने की लूट की वारदात को अंजाम दिया। आज दोपहर ज्वेलरी शॉप में 3 युवक घुसे और संचालक पर कट्टे की बट से हमला कर दिया। साथ ही गोली मारने की धमकी देकर 8 किलो सोने के जेवर लूट लिए। वारदात के बाद लुटेरे बाइक में सवार होकर झारखंड की ओर भाग निकले।

जानकारी के मुताबिक, रामानुजगंज नगर पालिका चौक में राजेश ज्वेलर्स नाम की दुकान है। दोपहर 1.50 बजे बाइक में सवार होकर तीन युवक पहुंचे थे। दुकान अंदर घुसते ही उन्होंने कट्टा निकाल लिया और संचालक राजेश सोनी सहित कर्मचारियों को कब्जे में लिया था। इनमे से एक बदमाश ने कट्टे की बट से राजेश सोनी पर कई बार हमला किया और भय दिखाकर दुकान सहित लॉकर मे रखे सोने के जेवरात निकलवाए। इसके बाद सभी जेवरात को बैग में डालकर बदमाश बाइक से फरार हो गए। लुटेरों ने दुकान के पास ही एक मोची की दुकान के सामने बाइक खड़ी की थी। 15 मिनट के अंदर उन्होंने पूरी वारदात को अंजाम दिया।

### महज एक किलोमीटर दूर है झारखण्ड राज्य

लुटेरों के भागने के बाद संचालक और कर्मचारियों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई। लुटेरों की तलाश में पुलिस टीम झारखंड की ओर भी भेजी गई है। फिलहाल लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला है। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई है। पुलिस सीसी टीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान के प्रयास कर रही है। घटनास्थल से झारखण्ड का बॉर्डर महज एक किलोमीटर है। वारदात के कुछ ही देर बाद बदमाशों के झारखण्ड पहुंचने की सूचना है।






### नगर की है सबसे बड़ी ज्वेलरी शॉप

दुकान के संचालक राजेश सोनी रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद भी हैं।

रामानुजगंज में उनकी सबसे बड़ी ज्वेलरी शॉप है। राजेश सोनी ने ज्वेलरी शॉप की ब्रांच बलरामपुर में भी खोली है। वे बलरामपुर ज्वेलरी शॉप संभालते हैं। वहीं रामानुजगंज के ज्वेलरी शॉप का कार्य उनकी बहन सीमा सोनी देखती हैं।

### पहले की रेकी

रामानुजगंज के दुकान में सोने का पूरा स्टॉक रखा हुआ था। संचालक राजेश के अनुसार दुकान से लुटेरे करीब 8 किलो से अधिक सोना लूट ले गए हैं। आशंका है कि लुटेरों ने पहले ही दुकान की रेकी की थी। उन्होंने ऐसे समय को लूट के लिए तय किया था, जब दुकान में ग्राहकों की संख्या सबसे कम रहती है। बलरामपुर पुलिस दुकान सहित आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेल खंगाल रही है, ताकि लुटेरों के आने एवं भागने के रास्ते की जानकारी मिल सके। बलरामपुर एसपी राजेश अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी भी रामानुजगंज पहुंच गए हैं।

## सिलसिला एल्यूमिना प्लांट हादसा: कंपनी ने मृतक के परिजनों के नाम दिए 15-15 लाख का चेक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

लुंड्रा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी एल्यूमिना प्लांट में 8 सितंबर को हुए हादसे में 4 श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस मामले में प्लांट प्रबंधन की लापरवाही सामने आई थी। वहीं मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को मामले में जांच के आदेश दिए थे। कलेक्टर द्वारा टीम गठित कर मामले की जांच कराई जा रही है। वहीं बुधवार को कलेक्टर ने एल्यूमिना प्लांट का निरीक्षण किया। वहीं मृत श्रमिकों के परिजन को 15-15 लाख व घायलों को 3-3 लाख रुपए कंपनी मुआवजा देगी। कंपनी ने श्रमिकों के परिजन के नाम से 15-15 लाख रुपए का चेक कलेक्टर को सौंप दिया है।

सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी एल्यूमिना प्लांट में यूपी, बिहार, मध्यप्रदेश व झारखंड के ठेका मजदूर कार्यरत हैं। 8 सितंबर की सुबह 11 बजे 10 मजदूर अपने शिफ्ट में बॉयलर व कोयला बंकर के नीचे काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बंकर व करीब 150 फीट बॉयलर मजदूरों पर गिर गया। इस घटना में 7 मजदूर मलबे में दब गए। इनमें से 4 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक का गंभीर हालत में आईसीयू में इलाज जारी है। वहीं 2 श्रमिकों को मामूली चोटें आई थीं। 9 सितंबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चारों शवों का पीएम कराया गया। इसके बाद उनके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं अंतिम संस्कार के लिए मृतकों के परिजन को 15-15 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि कंपनी द्वारा प्रदान की गई है। वहीं घटना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख व्यक्त करते हुए कलेक्टर को जांच के आदेश दिए थे।

आदेश के बाद कलेक्टर ने टीम गठित कर मामले की जांच कराई जा रही है। घटना के चौथे दिन बुधवार को कलेक्टर ने प्लांट का निरीक्षण किया। कंपनी प्रबंधन द्वारा मृतकों को मुवावजा राशि के रूप में 15-15 लाख रुपए का चेक कलेक्टर सरगुजा को प्रदान किया गया। कलेक्टर द्वारा सभी चेक को मृतकों के परिजनों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी धौरपुर तहसीलदार आईसी यादव को दी गई है। वह स्वयं मृतकों के घर जाकर उनके परिजनों को चेक प्रदान करेंगे। वहीं घायल मरीजों को 3-3 लाख रुपए दिया जाएगा। कलेक्टर एवं प्रशासनिक टीम द्वारा एल्यूमिना प्लांट का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा सुरक्षा मानकों के पालन हेतु कड़ाई से जांच की जा रही है। कलेक्टर ने कहा है कि बिना प्रशासन की अनुमति के प्लांट का पुनः संचालन नहीं करने के निर्देश दिए हैं।



### हादसे में इन श्रमिकों की हुई थी मौत

एल्यूमिना प्लांट हादसे में मध्यप्रदेश के मंडला निवासी प्रिंस राजपूत 22 वर्ष, मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर निवासी मनोज सिंह 35 वर्ष, बिहार के गया निवासी करण वीर मांझी 20 वर्ष व रामेश्वर माझी 30 वर्ष शामिल हैं।

## महामाया धार्मिक उत्थान समिति की ओर से हाथी पखना मंदिर के लिए 1 लाख 11 हजार रुपए दिए जाएंगे

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

महामाया धार्मिक उत्थान समिति के मुख्य संरक्षक टीएस सिंहदेव, आदित्येश्वर शरण सिंह देव की पहल पर वरिष्ठ जनों द्वारा हाथी पखना, गणपति धाम और गर्दन पाठ में पूजा पाठ कर जिलेवासियों के सूख-समृद्धि के लिए प्राथना की गई। हाथी पखना में स्वयं भू प्रकट गणेश वर्तमान में तिरपाल के नीचे विराजमान हैं। उनकी छत निर्माण के लिए टीएस सिंहदेव ने समिति की ओर से 1 लाख 11 हजार रुपये देने की घोषणा की। नव निर्मित गणेश भगवान की मंदिर के लिए भी उन्होंने 11 हजार रुपये देने की घोषणा की। साथ ही गर्दनपाठ का भी जीर्णोद्धार महामाया धार्मिक उत्थान समिति द्वारा किया जाएगा। इस दौरान बाल कृष्ण पाठक, महापौर डॉक्टर अजय तिर्की, राकेश गुप्ता, द्वितेंद्र मिश्रा, हेमन्त सिन्हा, बंटी शर्मा, अरविंद सिंह, प्रमोद चौधरी, दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, संजीव मंदिलवार, संजय सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, भाई चन्द्र प्रकाश, भाई राजू अग्रवाल ,भाई आलोक सिंह, भाई तृप्तपाल धंजल, भाई बाबु सोनी, भाई सतीश बारी, आशीष जैसवाल, भाईअमित रिंकू, अमित गुप्ता ,सरपंच भाई विश्राम कुजूर, भाई राजू चिरे और समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।



## पूर्व उप मुख्यमंत्री के पहल पर जन सहयोग से एनएच का मरम्मत कार्य जारी



- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की पहल पर बुधवार को पुनः रायगढ़ रोड की मरम्मत का कार्य जनसहयोग से प्रारंभ किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग की स्थिति बारिश में बेहद जर्जर हो गई थी। इसी राजमार्ग में मनेन्द्रगढ़ रोड की जर्जर स्थिति को सुधारने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने जन्माष्टमी के दिन जनसहयोग से कार्य प्रारंभ किया था। तब उन्होंने कहा था कि यदि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग शहर से गुजरने वाले रोड की मरम्मत नहीं करता है तो वे अन्य मार्गों के सुधार के लिए पहल प्रारंभ करूंगा। जन्माष्टमी के बाद 15 दिन बिताने के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने जर्जर हुए मार्गों के सुधार की दिशा में कोई सुध नहीं ली। बुधवार को उनकी पहल पर भारत माता चौक से दरिमा मोड़ की ओर मार्ग सुधार का कार्य प्रारंभ हुआ। इसके लिए 6 हाइवा फिलिंग मटेरियल उपयोग किया गया।

## शराब पीकर शाला आने वाले शिक्षक के वायरल वीडियो पर तत्काल कलेक्टर श्री भोसकर ने लिया संज्ञान,सहायक शिक्षक एलबी निलंबित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शराब पीकर शाला आने वाले शिक्षक के वायरल वीडियो पर तत्काल कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने संज्ञान लिया और जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए। कार्यवाही के क्रम में सहायक शिक्षक एलबी पौलुस तिर्की को निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश पर वायरल वीडियो की प्रारंभिक पड़ताल कर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लखनपुर द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत प्रतिवेदन में पुष्टि करते हुए अवगत कराया गया कि प्राथमिक शाला लब्जी में पदस्थ सहायक शिक्षक एल.बी. पौलुस तिर्की शराब पीकर शाला आये थे। उक्त शिक्षक ने स्वयं भी शराब सेवन करना स्वीकार किया है। उक्त सहायक शिक्षक का यह कृत्य अत्यंत अशिष्ट तथा अशोभनीय है, जो कर्तव्य निर्वहन के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता प्रदर्शित करता है, छ0ग0 सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 तथा नियम-23 का स्पष्ट उल्लंघन, और छ0ग0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत शास्ति योग्य है।

इस कड़ी में सहायक शिक्षक एल.बी.प्रा0शा0 लब्जी विकासखण्ड लखनपुर की सेवाएं छ0ग0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय उदयपुर नियत किया जाता है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते पात्रता होगी।

## बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए विभाग ने दिया लिखित आश्वासन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित अटल विहार कॉलोनी सरगवां में ड्राइंग डिजाइन और एग्रीमेंट के आधार पर बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं कराए जाने से कॉलोनीवासियों में आक्रोश है। कॉलोनीवासियों ने 12 सितंबर को धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इससे पूर्व विभाग 11 सितंबर को अनुविभागीय कार्यालय में हाउसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त आरके राठौर, कार्यपालन अभियंता अजीत मिंज, सहायक अभियंता अमरपाल साहू, उप अभियंता देवेश गिरी, नायब तहसीलदार कमलेश कुमार व कॉलोनी के प्रमुख लोगों के साथ बैठक हुई। राजस्व अधिकारी व विभाग के अधिकारियों द्वारा कॉलोनीवासियों को आश्वासन दिया गया है कि 12 सिंतबर की दोपहर बाद कॉलोनी में पहुंचकर बाउंड्रीवाल निर्माण हेतू चिन्हांकन का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसके पश्चात तत्काल बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। विभाग द्वारा लिखित आश्वासन मिलने के बाद 12 सितंबर को होने वाले धरना प्रदर्शन को कॉलोनीवासियों ने अगामी दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। विभाग द्वारा दी गई समयावधि में अगर निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया जाता है तो पुनः धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। बैठक में कॉलोनी के अध्यक्ष हेमेन्द्र मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव, सचिव बृजभूषण पांडेय, अशोक पांडेय, संजय गुप्ता, मनीष शर्मा, पप्पू राजवाड़े, परमेश्वर राजवाड़े, अखिलेश रवानी उपस्थित थे।

## भारी मात्रा में नशीली दवाईयों के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार,थाना सूरजपुर पुलिस की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर,11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भापुसे) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में दिनांक 10-11/09/2024 के दरम्यिानी रात्रि में थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक काले रंग के महिन्द्रा एसयूव्ही 500 क्रमांक एमएच 46 डब्लू 4081 में अवैध रूप से मादक पदार्थ होने की सूचना पर रेड कार्यवाही कर महिन्द्रा एसयूव्ही वाहन सहित मोहम्मद शाहिद पिता मोहम्मद तबारत उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम शिवपुर, थाना रामानुजनगर को पकड़ा गया जिसके कब्जे से ओनरेक्स कफ सिरप 30 नग, स्पास्मो टेबलेट 144 नग एवं एविल इंजेक्शन 500 नग पाया गया जिसे जप्त किया गया है जिसकी बाजारू कीमत करीब 2 लाख 80 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन व परिवहन में प्रयुक्त महिन्द्रा एसयूव्ही 500 जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई विवेक खलखो, मनोज सिंह, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, आरक्षक संदीप शर्मा, प्रेमसागर साहू व रवि पाण्डेय सक्रिय रहे।




## मृत व्यक्ति के नाम पर केसीसी लोन निकालने वाले तीन और आरोपी गिरफ्तार

- सवाददाता -
अंबिकापुर,11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कुटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर मृत व्यक्ति के नाम पर केसीसी लोन निकालने के मामले में लखनपुर पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं मामले में पुलिस ने पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

जानकारी के अनुसार रामअवतार पिता रामचरण ग्राम खुटिया थाना उदयपुर का रहने वाला है। इसके पिता की वर्ष 2028 में मौत हो चुकी है। वर्ष 2014 में इसके मृत पिता के नाम पर कुटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर लखनपुर बैंक से 2 लाख 18 हजार रुपए केसीसी लोन अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाल लिया गया था। जानकारी होने पर रामअवतार ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाना में दर्ज कराई थी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने पूर्व में बलराम बसोर, दरोगा दास एवं सीताराम कंवर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। फरार आरोपियों में नन्दलाल राजवाड़े (33) निवासी दर्रीपारा थाना लखनपुर, विजय कुमार सिंह (42) निवासी पलगढ़ी थाना दरिमा, बृजलाल यादव (34) निवासी लटोरी थाना लखनपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दखिल कर दिया है।




CMYK

# चरमराई शिक्षा व्यवस्था, शराब पीकर स्कूल पहुंचे शिक्षक

# विशेष आरक्षित जनजाति के बच्चों का भविष्य अधर में

## खबर प्रकाशित न करने को लेकर पत्रकारों को शराबी शिक्षक दे रहे थे पैसा








- मनोज कुमार -
लखनपुर, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले में शिक्षा व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। यहां स्कूल में शिक्षक शराब पीकर बच्चों को पढ़ाने पहुंच रहे हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों का भविष्य कैसे उज्जवल होगा। पुरा मामला सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला लब्जी का है। इस स्कूल में विशेष जनजाति के करीब 38 बच्चे अध्यनरत है। इन्हें पढ़ाने की जिम्मेदारी दो शिक्षकों की है। वही एक शिक्षक अपने ट्रेनिंग में चले जाते हैं तो दूसरे शिक्षक पौलुस तिर्की शराब पीकर स्कूल पहुंच जाते हैं ऐसे में वह बच्चों को क्या पढ़ा रहे होंगे इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। शिक्षक शराब में मस्त हैं तो बच्चे खेलने में मग्न हो गए,,आप को बताना लाजमी होगा की शिक्षा विभाग में फैली अवस्थाएं और शिक्षकों की इस प्रकार की हरकतों को स्कूल से बाहर न निकले और लोगो के बिच न आए इसके लिए लखनपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी तुगलकी फरमान जारी कर दिया कि बच्चों के परिजन और विभागीय अधिकारीयो के अलावा बाहरी व्यक्ति स्कूल परिसर के अंदर साला समय में प्रवेश न कर सके। अब इस फरमान से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिक्षा विभाग अपने कमियो को छुपाने के लिए किस प्रकार हथकंडे अपना रहा है। शिक्षक शराब के नशे में धुत है और स्वीकार भी कर रहे हैं कि वह शराब पीकर आए हैं जब मीडिया कर्मियों ने उनसे बातचीत की तब वह कैमरे से बचते नजर आए वही मामले को आगे नहीं बढ़ाने के लिए पैसे भी दे रहे हैं।एक ओर जहां जिले के कलेक्टर शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने जंगल और पहाड़ियों में पैदल चलकर स्कूल के संचालन को देखने पहुंच रहे हैं। तो वहीं कई ऐसे स्कूल है जहां इस प्रकार के शिक्षक पदस्थ हैं और बेधड़क शराब पीकर स्कूल में जाकर बच्चों को पढ़ाने की कोशिश करते हैं हालांकि अब देखना होगा कि जिले के कलेक्टर और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी इस मामले को लेकर किस प्रकार की कार्यवाही करते हैं।

### खंड शिक्षा अधिकारी का तुगलकी फरमान

लखनपुर विकासखंड में शिक्षा विभाग में फैली अव्यवस्थाओं को लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा था। खंड शिक्षा अधिकारी यह नागवार गुजरा और शिक्षा स्तर में सुधार करने के बजाय 13 अगस्त 2024 को एक तुगलकी फरमान जारी किया गया जिसमें बच्चों के परिजन और विभागीय अधिकारियों के अलावा बाहरी व्यक्तियो को शाला समय में प्रवेश न कर सके। जब स्थानीय पत्रकारों के द्वारा तुगलकी फरमान को लेकर विरोध जताया गया। तो खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा 10 सितंबर दिन मंगलवार को इस तुगलकी फरमान को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया।

## अंबिकापुर में होगी जगतगुरु स्वामी निश्चलानंद सरस्वती की





» 27 से 29 सितंबर तक करेंगे संबोधित, आयोजन की तैयारी शुरू

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर शहर में प्रस्तावित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाराज के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। स्वामी निश्चलानंद यहां हिन्दू राष्ट्र धर्मसभा को संबोधित करेंगे। धर्मसभा 27 से 29 सितंबर के मध्य आयोजित की जाएगी।

धर्म सभा के आयोजन को लेकर तैयारियों की एक बैठक बनारस रोड में आयोजित की गई। बैठक में रायपुर से सीमा तिवारी राष्ट्रीय संयोजिका आनंद वाहिनी, प्रदेश अध्यक्ष आनंद वाहिनी विजय शर्मा, प्रदेश सचिव बजरंग प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। राष्ट्रीय संयोजिका सीमा तिवारी ने बताया कि जगतगुरु स्वामी निश्चलानंद 27 सितंबर की सुबह दुर्ग ट्रेन से अंबिकापुर स्टेशन पहुंचेंगे। वे शाम पांच बजे से बाबूपारा स्थित हरिमंगलम में आयोजित संगोष्ठी एवं दर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 28 सितंबर को सुबह 11 बजे से दर्शन, दीक्षा एवं संगोष्ठी का आयोजन खरसिया रोड स्थित नारायणी परिसर में होगा।

29 सितंबर को जगतगुरु सुबह 11 बजे से धर्मसभा को संबोधित करेंगे। धर्म सभा आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर ली गई है। लंबे समय बाद स्वामी निश्चलानंद के प्रवास को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और वे आयोजन को सफल बनाने जुटे हैं। बैठक में नरेश यादव, सुजीत चतुर्वेदी, शैलेश शर्मा गोपी, संजय सिन्हा, रविंद्र तिवारी, वेदांत, विजेंद्र शर्मा, इति चतुर्वेदी, राजेश शुक्ला, अरविंद मिश्रा, मनीष पांडेय उपस्थित थे।

## नवनियुक्त शिक्षकों के अधिस्थापना प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लेने पहुंचे एससीईआरटी रायपुर के अतिरिक्त संचालक जे.पी.रथ





- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि संस्थान में नवनियुक्त माध्यमिक शाला के शिक्षकों के अधिस्थापना प्रशिक्षण का प्रथम चरण 09 सितंबर से 13 सितम्बर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है, प्रशिक्षण में 145 शिक्षक उपस्थित हैं। एससीईआरटी रायपुर के अतिरिक्त संचालक श्री जे.पी.रथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लेने अम्बिकापुर पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षण की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नवनियुक्त शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने शिक्षक की भूमिका एवं महत्व के सम्बन्ध में बताया तथा कहा कि स्वयं को पहचानते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक ढंग से निर्वहन करें। इस अवसर पर डाइट की व्याख्याता मीना शुक्ला सहित समस्त स्टाफ एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

इस दौरान श्री रथ ने संत हरकेवल बी.एड. कॉलेज, सरस्वती शिक्षा बी.एड. कॉलेज, डाइट अम्बिकापुर, शासकीय बालवाड़ी चिखलाडीह, प्राथमिक शाला चिखलाडीह सहित अन्य विद्यालयों एवं बालवाड़ियों का भी निरीक्षण किया।

## कंवरपारा, माझापारा में लोगों के उल्टी एवं दस्त से पीड़ित होने की सूचना मिलते ही रैपिड रिस्पॉन्स टीम ने किया निरीक्षण

» प्रभावित क्षेत्र में तत्काल लगाया गया स्वास्थ्य शिविर, घर-घर जाकर स्वास्थ्य संबंधी ली जा रही जानकारी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम कंठी में बुधवार को मितानिन एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा कंवरपारा, माझापारा में लगभग 21 सदस्य उल्टी एवं दस्त से पीड़ित होने की सूचना मिलते ही कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा तत्काल जिला सर्विलेंस अधिकारी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, जिला माइक्रोबायोलाजिस्ट एवं मेडिकल लैब टेक्नीशियन तथा विकासखण्ड रैपिड रिस्पॉन्स दल द्वारा उक्त ग्राम के पारों का निरीक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया।





सीएमएचओ सरगुजा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि 21 मरीज उल्टी-दस्त से प्रभावित है। जानकारी मिलते ही प्रभावित ग्राम में तत्काल शिविर का आयोजन किया गया है, 12 मरीजों का उपचार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, 01 मरीज होली क्रॉस हास्पिटल, 07 मरीजों का शिविर में ही ईलाज किया जा रहा है तथा 01 मरीज की मृत्यु ईलाज के दौरान हो गई है। मृत मरीज के मौत का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। इस संबंध में संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक को पत्राचार कर प्रतिवेदन मांगा गया है जिससे कि मृत्यु का स्पष्ट कारण पता चल सके। उन्होंने बताया कि ग्राम कंठी के कंवरपारा में खुखड़ी एवं पुटु खाने तथा माझापारा में उल्टी-दस्त का कारण संभवतः संक्रमित पानी पीने बताया गया है। उन्होंने बताया कि जिस स्त्रोत को पानी उपयोग किया जा रहा है, उस पानी का अलग-अलग 03 जगह से सैम्पल एकत्रित कर जांच हेतु माइक्रोबॉयोलॉजी लैब मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर भेजा गया है तथा स्टूल सैम्पल भी एकत्र कर लैब भेजने हेतु निर्देशित किया गया है।

वर्तमान में सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है एवं उपचाररत है। विकासखण्ड स्तरीय काम्बेट दल के द्वारा घर-घर भ्रमण कर उल्टी-दस्त एवं अन्य मौसमी बीमारियों के बारे में जानकारी ली जा रही है। प्रभावित मरीजों के घर के अन्य सदस्यों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओ.आर.एस. एवं जिंक टेबलेट प्रदाय कर उनके सेवन करने हेतु बताया गया है। इस वर्षा ऋतु में महामारी संभावित ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रति दिवस शिविर लगाकर एवं मितानिनों को घर-घर भेजकर उल्टी-दस्त के मरीजों की जानकारी ली जा रही है और जिस भी घर में कोई भी एक मरीज उल्टी-दस्त के पाये जाने पर तत्काल उसका उपचार नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन प्रक्रियाओं की तिथि निर्धारित

- संवाददाता -
बलरामपुर, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) की पात्रता रखते हैं, उनके लिए शिक्षा सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट इन पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने हेतु 09 सितम्बर से 30 अक्टूबर 2024, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 16 सितम्बर से 14 नवम्बर 2024, स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 16 सितम्बर से 21 नवम्बर 2024 तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् उक्त पाठ्यक्रमों हेतु शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा एवं ड्राफ्ट प्रपोजल, सेक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वयं जिम्मेदार होंगे। साथ ही सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। इसलिये सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय सक्रिय बैंक खाता व आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर विशेष लेखः वन शहीदों के बलिदान का सम्मान

- संवाददाता -
एमसीबी, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय वन शहीद दिवस वनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वन रक्षकों, रेंजरों और अन्य कर्मचारियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। यह दिन हर वर्ष 11 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य वनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए समर्पित लोगों को सम्मानित करना, वनों के संरक्षण के महत्व को समझाना और वनों के संरक्षण के लिए बहादुरी से लड़ने वाले लोगों के बलिदान को याद करना है।

राष्ट्रीय वन शहीद दिवस की शुरुआत 1970 में हुई थी, जब भारत के मारवाड़ राज्य में खेजड़ली नरसंहार के नाम से जानी जाने वाली दुखद घटना घटी थी। यह ऐतिहासिक घटना राजस्थान के महाराजा अभय सिंह द्वारा बिश्नोई गांव खेजड़ली में पेड़ों को काटने के आदेश के बाद शुरू हुई थी, जिसका बिश्नोई







समुदाय ने कड़ा विरोध किया था। इस अवसर पर वनों के संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने, वनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए की जाने वाली लड़ाई में वन रेंजरों के सामने आने वाले खतरों को उजागर करना, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में वनों की अहम भूमिका को समझाना और पृथ्वी के हरित आवरण को बचाने के लिए भावी पीढ़ियों को शिक्षित करना शामिल है। इस दिन वृक्षारोपण अभियान, शैक्षिक कार्यशालाएं और जागरूकता अभियान आयोजित किए जाते हैं। वन शहीद दिवस उन वीर वन कर्मचारियों और अधिकारियों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने जंगलों और वन्यजीवों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। यह दिन उन सभी शहीदों को सम्मानित करने का एक अवसर है जिन्होंने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश के पर्यावरण और वन्य जीवन की सुरक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। वन शहीद दिवस का उद्देश्य न केवल इन वीर जवानों के बलिदान को याद करना है, बल्कि उनके परिवारों को समर्थन और सहानुभूति प्रदान करना भी है।

भारत में वनों का महत्व केवल पर्यावरणीय संतुलन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज, संस्कृति और अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वन न केवल प्राकृतिक संसाधनों का भंडार हैं, बल्कि वे अनेक जीवों के आवास भी हैं। इन्हीं कारणों से, वनों की सुरक्षा एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। वन रक्षक अक्सर अवैध लकड़ी काटने वालों, शिकारियों, और अन्य आपराधिक तत्वों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देते हैं। इसके साथ ही उन्हें प्राकृतिक आपदाओं और कठिन परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ता है।

# जनसमस्या निवारण शिविर में 135 आवेदन प्राप्त, 37 आवेदन का स्थल पर निराकरण











» विधायक भईयालाल राजवाड़े ने चौपाल लगाकर लोगो की समस्याएं सुनी

» संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदनों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

- संवाददाता -
कोरिया, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मनसुख के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में किया गया। जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण में क्षेत्र के विधायक भईयालाल राजवाड़े ने चौपाल लगाकर आमजनों कि मांगो एवं समस्याओं को सुना। शिविर में कुल 135 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 37 आवेदनो का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को समय-सीमा देकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण में क्षेत्र के विधायक भईयालाल राजवाड़े ने उपस्थित आमजनो को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा है कि लोगो के समस्याओं का त्वरित निराकरण हो। उन्होने कहा कि इसके लिए प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजित कर लोगो की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। हितग्राही आप सभी शिविर में अपने समस्याओं का शिविर स्थल पर ही आवेदन देकर निराकरण करा सकते है। साथ ही विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाती है, जिसका आप सभी अधिक-से-अधिक लाभ उठाएं। विधायक ने कहा कि शिविर का उद्देश्य यही है कि आम लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को तत्काल निराकरण करना, उन्हें सही जानकारी से अवगत कराना, पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाना है।

शिविर स्थल पर महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि, श्रम, स्वास्थ्य, खाद्य, पशुपालन, शिक्षा आदि विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में 22 छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र, समाज कल्याण से दो छड़ी व एक वैशाखी, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के तहत दो हितग्राहियों को 20-20 हजार रूपए का चेक वितरण किया गया।

### गोदभराई रस्म तथा अन्नप्रासन कार्यक्रम

विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह एवं सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े ने शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोदभराई रस्म तथा अन्नप्रासन कार्यक्रम में शामिल हुए और शिशुओं को खीर भी खिलाए। इस अवसर पर विधायक ने गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं से कहा कि सेहत का विशेष ध्यान रखें। भरपूर पौष्टिक एवं गरम भोजन समय पर करें। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहियकाओं को महिलाओं एवं बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार देने के निर्देश भी दिए।

### शिविर स्थल पर किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर स्थल पर 174 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 78 सिकलसेल, रक्तचाप 95, शुगर 95, एच.बी. के 65 जांच कर मरीजों को दवाई दिए गए तथा आयुष्मान कार्ड 05 आवेदन प्राप्त हुए। आयुष विभाग द्वारा 66 मरीजों की जांच कर दवाई वितरण की गई।

शिविर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती दीपिका नेताम, जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र के सरपंच एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पीएम जनमन के तहत लाभान्वित हो रहे हैं पीवीटीजी जनजातिय समुदाय









» बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही घर-घर तक

- संवाददाता -
बलरामपुर, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लोगों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ कर उत्थान की ओर अग्रसर किया जा रहा है। उनके बसाहटों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़कें जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर उनके जीवन शैली में बदलाव लाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन व जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील के कुशल नेतृत्व में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लोगों के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में शिविरों का आयोजन कर छूटे हुए लोगों का आयुष्मान, आधार, राशनकार्ड, केसीसी, सिकल सेल जांच, पीएम जनधन योजना, आवास योजना, महतारी वंदन योजना, मातृ वंदन योजना जैसे अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत् विकासखण्ड राजपुर के अमडीपारा, घटगांव, आरा, बादा, विकासखण्ड शंकरगढ़ के कोठली, करासी, नवाडीह, घुघरीकला, उमको, विकासखण्ड कुसमी के भुलसीखुर्द, अमरपुर, जिगनियां, चुनचुना, पुदांग, चैनपुर, हंसपुर, कोरंधा, जवाहरनगर, सोनपुर, धनेशपुर, नवाडीहखुर्द, सबाग, चरहटकला में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व अधिकारी-कर्मचारियों ने उपस्थित होकर विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को केन्द्र व राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न विभाग के द्वारा शिविर स्थल पर स्टॉल लगाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने शिविर स्थल पर कैंप लगाकर उपस्थित लोगों का निःशुल्क बीपी, शुगर, सिकल सेल, टीबी आदि की जांच की दवाई का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचने व इसके रोकथाम के बारे में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़े बाहुल्य क्षेत्रों में जागरूकता एवं इस विशेष पिछड़ी जनजाति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार गंभीरता से काम कर रही है। ताकि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों का सर्वांगीण विकास हो और वे समाज में आगे बढ़ सके।

# पीएम जनमन आवास योजना से जिले के पीवीटीजी के सपने हो रहे पूरे

» सरकारी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध

» सुरजन कोरवा को मिला आवास का सहारा

- संवाददाता -
बलरामपुर, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।






राज्य शासन के द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के परिवारों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उनके सामाजिक और आर्थिक विकास में सहयोग प्रदान कर उन्हे विकास के पथ पर अग्रसर करना है। जिले में पहाड़ी कोरवा समुदाय का एक विशेष स्थान है। जहां शासन-प्रशासन के प्रयासों से पीवीटीजी परिवारों को बेहतर जीवन शैली के लिए मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास जारी है। वैसे तो एक तरह से देखा जा सकता है कि पीवीटीजी परिवारों की स्थितियों में सुधार के लिए कई पहल किए गए हैं। लेकिन जब से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का सुशासन आया तब से पहाड़ी कोरवा परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पीवीटीजी बसाहटों में पहल तेज हुई है।

जहां पीवीटीजी समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों का नतीजा है कि प्रधानमंत्री न्याय महाभियान अंतर्गत पहाड़ी कोरवा सदस्यों को शासन की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जनमन आवास, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशनकार्ड, आदि महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

इन्हीं योजनाओं से लाभान्वित श्री सुरजन कोरवा पक्के आवास के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। वे बताते हैं जिले के विकासखण्ड राजपुर के ग्राम पचायत सरगढ़ी के ग्राम गोविन्दपुर के निवासी है। पक्के मकान से पहले वो लकड़ियों और पैरा से बनाए गए झोपड़पट्टी में रहने को मजबूर थे। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में पत्नी और बेटा रहते थे। बेटे की असामायिक मृत्यु हो जाने से घर की हालात और भी खराब हो गई। एक तरफ बेटे के जाने क ा द ु:ख और दूसरे तरफ घर की परिस्थितियां उनके मन को चिंतित कर रही थी। लकड़ी और पैरा से बने घर में उन्हें काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा था, जहां एक तरफ जीव-जन्तु का डर वहीं दूसरी ओर मौसम की मार पेरशानियों को कम नहीं कर रही थी। आगे वे बताते हैं कि मजदूरी कर वह अपना जीवन यापन करते हैं। ऐसे में घर बनाने के लिए असहाय थे तब पीएम जनमन के तहत उनको पक्का आवास मिला। श्री सुरजन ने जनमन अभियान से हुए परिवर्तन के बारे में बताया कि आज उनका खुद का पक्का आवास है। वे कहते हैं हम जैसे आदिवासी जनजातियों के लिए प्रधानमंत्री संवेदनशीलता दिखाते हुए प्राथमिकता से कार्य कर रहे हैं। सुरजन के पास आज आधार कार्ड भी है जिसके माध्यम से अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने में सक्षम है और जनमन शिविरों में भी जाकर योजनाओं की जानकारी लेते हैं। ताकि शासन की योजना का लाभ उठा सकें।

वर्तमान परिदृश्य में पीएम जनमन अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के पहाड़ी कोरवा को लाभान्वित किया जा रहा है। वंचित वर्ग भी शिविरों में पहुंचकर हो रही क्रियाकलापों से जुड़ने लगे हैं शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण निर्णय एवं नीतियों से निचले स्तर पर पीएम-जनमन से हुए परिवर्तन परिलक्षित हो रही है। जहां शासन पीवीटीजी समुदायों को अवसर प्रदान करते हुए लाभ देने दृढ़ संकल्पित है।

# जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में 12 से 23 सितम्बर तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार

- संवाददाता -
बलरामपुर, 11 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में शुन्य से 06 वर्ष के सभी बच्चों के वजन एवं ऊँचाई की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने हेतु जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में 12 से 23 सितम्बर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने वजन त्यौहार के आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने एवं इसका समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस दौरान शुन्य से 06 वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन एवं ऊँचाईयों की माप कर उसे पोषण ट्रेकर एप्प में एण्ट्री की जाएगी। जिससे कि जिले में कुपोषण की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त हो सके। वजन त्यौहार के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज शुन्य से 06 वर्ष के बच्चों के अलावा ऐसे बच्चों जिनके नाम आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज नही है। उनका भी वजन लेकर पोषण स्तर का मापन किया जाएगा। जिले मे वजन त्यौहार के सुचारू संचालन हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन मशीन, इन्फेन्टोमीटर आदि मशीनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को दिए गए है। जिससे कि सभी बच्चों का वजन एवं ऊँचाई का निर्धारित तरीके से मापन किया जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 2370 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जिनमें 0 से 06 वर्ष के बच्चों का उपरोक्त अवधि में वजन एवं ऊँचाई लेकर उसकी एण्ट्री पोषण ट्रेकर एप्प में की जाएगी।

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर**
**जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

-:: ईश्तहार ::-

राजस्व प्रकरण क्रं 490/Q ब/121/2023924 दिनांक 08/09/2024

आवेदक/ आवेदिका का नाम नवीन सिंह पिता/पति स्व. फुलसाय जाति-गोंड़ निवासी तिलसिवां ग्राम तिलसिवां प0ह0न0 थाना सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0 ग0 ने अपने स्व. माता रमेश्वरी पिता/ पति स्व0 फुलसाय जन्म/ मृत्यु दिनांक 17/02/2013 का जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 22/09/2024 दिन सोमवार को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/09/2024 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार**
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं भरत लाल वर्मन आ0 स्व0 श्री वीरसिंह उम्र 60 वर्ष निवासी-कुरानकापा, पोस्ट बरोला, तह-मुंगेली, थाना जरहागांव, जिला-मुंगेली, छ0ग0 वर्तमान पता-बौरीपारा, रिंगरोड अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0 का निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर जिला सरगुजा में पदस्थ होकर कार्यरत हूं। मेरे विभागीय दस्तावेज में भर्ती के समय मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा नाम भरत दास वर्मन अंकित है। मेरी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची में भी मेरा नाम भरत दास वर्मन अंकित है। मेरे सेवा के दौरान विभाग के अन्य समस्त दस्तावेजों मे आर्डर एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम भरत लाल वर्मन अंकित है तथा इसी के आधार पर मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, आई. डी. कार्ड एवं बैंक संबंधी सभी दस्तावेजों एल.आई.सी. एवं अन्य सभी निजी दस्तावेजों में मेरा नाम भरत लाल वर्मन अंकित है। विभाग से मेरा वेतन भी मुझे भरत लाल वर्मन के नाम से प्राप्त होता है। अतः पुलिस विभाग में भर्ती के दौरान मेरी सेवा पुस्तिका में अंकित मेरे नाम भरत दास वर्मन को विलोपित करते हुए मेरा नाम भरत लाल वर्मन अंकित किया जावे।

**भरत लाल वर्मन**
बौरीपारा रिंगरोड, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

## कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**वर्ष 2024-25 में देशी/विदेशी मदिरा दुकानों में संग्रहित मदिरा की खाली कार्टूनों एवं खाली शीशी का विक्रय किए जाने के लिए विक्रय दर बुलाए जाने हेतु।**

**//निविदा सूचना//**

क्रमांक/आय./ठेका/2024/224 अम्बिकापुर, दिनांक/10/09/2024

सर्व साधारण की विशेष जानकारी के लिए यह द्वितीय निविदा सूचना प्रकाशित की जाती है कि सरगुजा जिले में संचालित 01 देशी मदिरा एवं 07 विदेशी मदिरा में संग्रहित मदिरा की खाली कार्टूनों/खाली शीशी का विक्रय किए जाने के लिए, विक्रय दर बुलाए जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि हेतु 31 मार्च 2025 तक के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ताओं द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिनांक 25.09.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन तकनीकी शर्त एवं प्राईस बिड युक्त मुहरबंद लिफाफों में पृथक-पृथक द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य 1000/-एवं जी.एस.टी. 180/- कुल 1180/- रूपए निर्धारित है। दिनांक 25.09.2024 को सायं 04:00 बजे निविदा खोला जायेगा। अधिकतम दर को स्वीकार किया जावेगा। समयावधि पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा शर्तों का अवलोकन तथा अन्य जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. सरगुजा से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी. नम्बर 242502406/3

**जिला आबकारी अधिकारी**
सह जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल सरगुजा (छ.ग.)

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यात्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर जिला सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

phone:-07775-266048 Email ID:ee-res.surajpur@gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/1789/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2024-25 सूरजपुर दिनांक 09/09/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि रूपए सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट से जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Construction of Primary school building at Badgaiyapara patna | 14.92 | 24.09.2024 | 26.09.2024 17:30pm |
| 2 | Construction of Primary school building at patna | 14.92 | 24.09.2024 | 26.09.2024 17:30pm |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 09.09.2024 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ प्राप्त की जा सकती है।

जी. नम्बर 242502383/1

**कार्यपालन अभियंता**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग सूरजपुर जिला-सूरजपुर

CMYK

## संक्षिप्त खबर

### विनेश फोगाट ने पीएम मोदी पर लगाया बड़ा आरोप

## प्रधानमंत्री बृजभूषण सिंह से डरते हैं...



**नई दिल्ली,11 सितम्बर 2024।** पेरिस ओलंपिक में डिसक्वालिफाई होने के बाद खाली हाथ लौटीं विनेश फोगाट ने राजनीति के अखाड़े में एंट्री कर ली है। विनेश कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा के जुलाना से चुनाव में उतरी हैं। राजनीति में आते ही विनेश फोगाट ने बड़े खुलासे किए। उन्होंने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह से लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पर निशाना साधा। विनेश फोगाट ने यहां तक कह दिया कि पीएम मोदी ने धरने पर बैठे उन जैसे पहलवानों की बात इसलिए नहीं सुनी क्योंकि, वह बृजभूषण से डरते हैं। वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम ने एक इंटरव्यू के दौरान विनेश फोगाट से सवाल किया कि, बृजभूषण सिंह आपके खिलाफ हैं, लगातार बयान दे रहे हैं। आप दो साल उनके खिलाफ लड़ीं, लेकिन सरकार पीएम मोदी हैं तो आप को क्या लगा कि मोदी क्यों समर्थन नहीं दे रहे हैं। सरकार के मुखिया तो मोदी हैं, वह थोड़े ही बृजभूषण सिंह के दबाव में फैसला करेंगे।

## कोकीन खरीदने की कोशिश करने वाला आस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी निलंबित

**मेलबर्न ,11 सितम्बर 2024।** आस्ट्रेलिया के हॉकी खिलाड़ी टॉम क्रेग को पेरिस ओलंपिक के दौरान कोकीन खरीदने की कोशिश के आरोप में हॉकी आस्ट्रेलिया ने बारह महीने के लिये निलंबित कर दिया है। क्रेग को सात अगस्त की रात पेरिस में कोकीन खरीदने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था। फ्रांस के अभियोजकों ने बयान जारी करके पुष्टि की थी कि 29 वर्ष के ओलंपियन और तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आपराधिक चेतावनी देकर एक रात हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया गया।हॉकी आस्ट्रेलिया ने बुधवार को जारी बयान में कहा ,'' राष्ट्रीय पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रेग की पेरिस ओलंपिक 2024 के दौरान गिरफ्तारी के मामले की जांच के बाद हॉकी आस्ट्रेलिया की नैतिकता ईकाई ने 12 महीने के लिये उन्हें निलंबित करने का फैसला लिया है।''इसमें कहा गया ,'' छह महीने पूर्ण निलंबन होगा और बाकी छह महीने उनके बर्ताव पर निर्भर करेंगे।'' हॉकी आस्ट्रेलिया ने कहा कि क्रेग 2025 के लिये टीम में चयन के पात्र होंगे। आस्ट्रेलियाई टीम पेरिस ओलंपिक में छठे स्थान पर रही थी।



# भारत बनाम बांग्लादेश चेन्नई टेस्ट होगा ऐतिहासिक

**» जीते तो टीम इंडिया रचेगी नया कीर्तिमान**



**नई दिल्ली,11 सितम्बर 2024।** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज करीब है। दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 19 सितंबर से चेन्नई में होगा। इसके बाद दूसरा मैच कानपुर में खेला जाना है। इस बीच पहले टेस्ट मैच पर सबसे ज्यादा नजर है। वो इसलिए क्योंकि भारतीय टीम लंबे समय बाद टेस्ट के लिए मैदान में उतरेगी, वहीं रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया अगर इस मैच को जीतने में कामयाब होती है तो ये ऐतिहासिक जीत होगी। भारत के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ, जो अब होने जा रहा है। लेकिन इसके लिए उस दिन का इंतजार करना होगा, जब टीम इंडिया जीत दर्ज करेगी।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाएगी सीरीज

भारत बनाम बांग्लादेश सीरीज के मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत होंगे। जहां की अंक तालिका में भारतीय टीम पहले से ही नंबर वन है। भारत की कोशिश होगी कि दो और मैच जीतकर इस लीड को और भी ज्यादा मजबूत किया जाए। इस टेस्ट को जीतकर टीम इंडिया कुछ ऐसा करेगी, जो इतिहास में पहले कभी भी देखा नहीं गया है। भारतीय टीम टेस्ट में हार से ज्यादा जीत दर्ज करने वाली टीम बन जाएगी। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि टीम इंडिया ने हार से ज्यादा टेस्ट मैच जीत हों, अभी ये आंकड़ा बराबरी पर चल रहा है।

### भारत की टेस्ट में जीत और हार इस वक्त बराबर

अगर भारत बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट जीत जाता है तो टेस्ट क्रिकेट में उसके 92 साल के इतिहास में पहली बार हार से ज्यादा जीत होंगी। इस वक्त भारतीय टीम ने टेस्ट फॉर्मेट में 579 मैचों में 178 जीत और 178 हार दर्ज की हैं। इनके अलावा, 222 मैच ड्रॉ रहे हैं। अगर भारत इस सीरीज का कोई भी मैच नहीं हारता है तो सीरीज खत्म होने के बाद भी टीम इंडिया इस रिकॉर्ड को बरकरार रखने का काम करेगी।

### विराट कोहली और ऋषभ पंत पर रहेगी नजर

इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया ने हारे और जीते हुए मैचों की संख्या को बराबर कर इतिहास रचा था, जिसे अब बढ़ाने की बारी आ गई है। बीसीसीआई ने बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी है। ऋषभ पंत और विराट कोहली की वापसी हुई है। कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पिछली सीरीज से चूक गए थे, जबकि पंत दिसंबर 2022 में अपनी भयानक कार दुर्घटना के कारण बाहर हो गए थे।

**बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारत की टीम:-** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

## रोहित शर्मा,विराट कोहली,यशस्वी जायसवाल को फायदा



**लंदन,11 सितम्बर 2024।** इंग्लैंड बनाम श्रीलंका टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद आईसीसी ने नई टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इस बार जो रूट को हल्का सा नुकसान हुआ है, हालांकि इसके बाद भी वे नंबर एक की कुर्सी पर काबिज है। भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल इस वक्त टेस्ट से दूर हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्हें फायदा मिलता हुआ नजर आ रहा है। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक काफी नीचे चले गए हैं और अब वे टॉप 10 से भी बाहर हैं।

### जो रूट का हल्का नुकसान, लेकिन फिर भी नंबर एक की कुर्सी बरकरार

आईसीसी की ओर से जारी की गई टेस्ट रैंकिंग में अभी भी इंग्लैंड के जो रूट नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा जमाए हुए हैं। उनकी रेटिंग अब 899 हो गई है, वहीं उनका फासला केन विलियमसन से कम हो गया है। श्रीलंका के खिलाफ आखिरी टेस्ट में जो रूट का बल्ला नहीं चला था, इसलिए उन्हें हल्का सा नुकसान उठाना पड़ा है। केन विलियमयसन भी दूसरे नंबर पर काबिज हैं। उनकी रेटिंग इस वक्त 859 की है। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 768 की रेटिंग के साथ आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर तीन पर बने हुए हैं। स्टीव स्मिथ 757 की रेटिंग के साथ रैंकिंग में नंबर चार पर हैं। यानी इन सभी खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई भी बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ है। वे अब 751 की रेटिंग के साथ नंबर पांच पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। वहीं यशस्वी जायसवाल अब 740 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर हैं। उन्हें भी एक स्थान का फायदा हुआ है। विराट कोहली अब नंबर 7 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 737 की है। उन्हें भी एक स्थान का उछाल मिला है। यानी भारतीय टीम के इन सभी खिलाड़ियों को बिना टेस्ट खेले ही फायदा मिला है। अब ये सभी 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले टेस्ट में एक्शन में दिखाई देंगे।

### हैरी ब्रूक टॉप 10 से हुए बाहर,बाबर आजम ने लगाई छलांग

ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा को भी एक स्थान का फायदा मिला है। उनकी रेटिंग अब 728 की है और वे नंबर आठ पर आ गए हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान भी बिना खेले ही एक स्थान के फायदे के साथ अब नंबर 9 पर है, उनकी रेटिंग 720 की है। इतनी ही रेटिंग के साथ ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन भी नौवें नंबर पर है। पाकिस्तान के बाबर आजम को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वे अब 12 से 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 712 की है। इन सभी बल्लेबाजों को इसलिए फायदा हुआ है, क्योंकि इंग्लैंड के हैरी ब्रूक को एक साथ सात स्थानों का नुकसान उठाना पड़ा है। अब वे टॉप 10 से बाहर हो गए हैं। उनकी रेटिंग 709 की ही रह गई है।

## भारत ने मलेशिया को 8-1 से रौंदकर लगाई जीत की हैट्रिक



**नई दिल्ली,11 सितम्बर 2024।**एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय मेन्स हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। पेरिस ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडल विजेता भारतीय टीम ने अपने तीसरे राउंड रॉबिन मुकाबलें में मलेशिया को 8-1 से रौंदा। भारत की ओर से राजकुमार पाल ने 3, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 1, जुगराज सिंह ने 1, उत्तम ने 1 और अरिजीत सिंह हुंडल ने 2 गोल दागे। भारत ने पहले ही क्वॉर्टर से मलेशिया पर दबदबा बनाए रखा और हॉफ टाइम तक 5 गोल दाग दिए। इसके बाद दूसरे हॉफ में टीम इंडिया ने 3 और गोल अपने खाते में जोड़े। चीन के मोकी में खेले जा रहे एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की ये लगातार तीसरी जीत है। इससे पहले भारत ने अपने पहले मैच में मेजबान 3-0 से हराया और फिर दूसरे मैच में जापान को 5-1 से रौंदा। राज कुमार पाल ने तीसरे ही मिनट में भारत के गोल का खाता खोला। इसके 3 मिनट बाद ही अरिजीत सिंह हुंडल ने गोल दाग दिया। तीसरा गोल पेनल्टी कॉर्नर से आया जिसमें जुगराज सिंह ने योगदान दिया। चौथा गोल कप्तान हरमनप्रीत की स्टिक से पीसी के जरिए आया। गोल का सिलसिला इसके बाद भी लगातार जारी रहा। मलेशिया के डिफेंस को भेदते हुए राज कुमार पाल ने 25वें और 33वें मिनट में लगातार 2 गोल दागकर भारत को पहले हॉफ में 5-0 की लीड दिला दी। दूसरे हॉफ में भारत ने 3 गोल दागे। मलेशिया सिर्फ 1 गोल दाग पाया। अब भारत 12 सितंबर को साउथ कोरिया` भिड़ेगा और फिर 14 सितंबर को टीम इंडिया का पाकिस्तान से सामना होगा।

## बिना मैच हुए ही इतिहास में दर्ज हुआ अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट

**» 16 साल पहले भी दिखा था ऐसा ही नजारा**



**ग्रेटर नोएडा,11 सितम्बर 2024।** ग्रेटर नोएडा में होने वाले अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड के तीन दिन हो गए हैं, लेकिन अभी तक एक भी बॉल नहीं फेंकी जा सकी है। अब आने वाले दो दिन क्या होगा, ये देखना दिलचस्प होगा। इस बीच बिना मैच हुए ही ये मुकाबला टेस्ट क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक बन गया है। कभी कभार ही ऐसा होता है, जब किसी टेस्ट के पहले तीन दिन तक लगातार ऐसा नजारा देखने के लिए मिलता हो। इससे पहले हुआ तो ऐसा कई बार है, लेकिन पिछली बार ऐसा अब से करीब 16 साल पहले हुआ था। उस टेस्ट मैच की यादें एक बार फिर से ताजा हो गई हैं।

### सुबह ही दिन का खेल कर दिया गया रद्द

अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड मैच आज यानी बुधवार को तीसरे दिन भी नहीं शुरू हो सका। मजेदार बात ये है कि तीन दिन गुजर गए हैं, लेकिन इतना तक वक्त नहीं मिला कि टॉस भी हो सके। मैच के दूसरे दिन मंगलवार को दिन में तो बारिश नहीं हुई, लेकिन मैदान इस लायक नहीं था कि मुकाबला हो सकते, लिहाजा उसे रद कर दिया गया। इस बीच ये उम्मीद जरूर थी कि तीसरे दिन बुधवार को देर सवेर ही सही, लेकिन मैच हो सकता है। लेकिन ये उम्मीद वक्त कम होती हुई नजर आई, जब मंगलवार शाम करीब दो से तीन घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। इसके बाद बुधवार सुबह करीब 7 बजे फिर से बारिश शुरू हो गई। इसे देखते हुए अंपायर शर्फुद्दौला और कुमार धर्मसेना को तीसरे दिन का मैच भी रद करने का ऐलान करना पड़ा। बारिश इतनी हो चुकी थी कि किसी भी हालत में मैच शुरू होने की कोई भी गुंजाइश नहीं थी। इस बीच बुरी खबर ये भी है कि नोएडा का मौसस आने वाले दिनों में भी ऐसा ही रहने की आशंका है, यानी पूरी मैच अगर बारिश में धुल जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है मुकाबला

इस मैच का वैसे तो कोई खास महत्व नहीं है, क्योंकि ये विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है। आईसीसी डब्ल्यूटीसी में टॉप की 9 टीमें ही हिस्सा ले रही हैं। इसमें न्यूजीलैंड तो शामिल है, लेकिन अफगानिस्तान इस क्लब का हिस्सा नहीं है। लेकिन फिर भी ये एक इंटरनेशनल मैच है, जिसके आंकड़े खिलाड़ियों के खाते में जोड़े जाएंगे। अब उम्मीद ही की जा सकती है कि बाकी बचे हुए दिनों में कुछ खेल हो जाए। लेकिन इतना तो अब पक्का नजर आ रहा है कि भले ही मैच हो, लेकिन इसका रिजल्ट निकलना करीब करीब असंभव टाइप का है। इस बीच टेस्ट भले ना हुआ हो, लेकिन इसे सभी का ध्यान जरूर अपनी ओर आकर्षित किया है।

## पाकिस्तान ने जापान के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की




**मोकी,11 सितम्बर 2024।** अजेय पाकिस्तान ने बुधवार को हुलुन बुइर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर जापान को 2-1 से हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली जीत दर्ज की। अहमद नदीम (10%) और सुफियान खान (21%) ने गोल किए, जबकि जापान के लिए एकमात्र गोल रायकी फुजीशिमा (28%) ने किया। इस जीत के साथ, पाकिस्तान पूल स्टैंडिंग में शीर्ष पर मौजूद भारत से पांच अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। शुरुआती क्वार्टर में पाकिस्तान ने इस खेल में जापान से आगे रहने का इरादा दिखाया। हालांकि वे मलेशिया के खिलाफ 2-2 से और कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के साथ अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं, लेकिन खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें जीत की जरूरत थी। स्ट्राइकरों ने स्ट्राइकिंग सर्कल में तीन शुरुआती हमलों के साथ पाकिस्तान के इरादे को प्रदर्शित किया, लेकिन जापानी गोलकीपर ताकुमी कितागावा को चकमा नहीं दे सके। इस बीच, उन्होंने छठे मिनट में एक अच्छे वीडियो रेफरल के साथ पीसी के माध्यम से जापान को अपना पहला बड़ा अवसर देने से मना कर दिया। शुरुआती प्रयासों के बाद, पाकिस्तान आखिरकार अहमद नदीम द्वारा एक शानदार फील्ड गोल के साथ पहला खून बहाने में सक्षम था। यह गजनफर अली था जिसने इन-फॉर्म हन्नान शाहिद की सहायता करके हमले की स्थापना की, जिन्होंने जापानी डिफेंडरों को चकमा देने और नदीम की सहायता करने के लिए सर्कल के शीर्ष पर एक चतुर टैकल खेला। उन्होंने दूसरे क्वार्टर में गति को बनाए रखा और 21वें मिनट में एक पीसी अर्जित करके बढ़त को 2-0 तक बढ़ा दिया सुफियान खान निशाने पर थे, उन्होंने इंजेक्शन को अच्छी तरह से उठाया और इसे जापान के गोलकीपर योसी ओबा के पास पहुंचा दिया। दो गोल से पीछे, जापान को खराब शुरुआत में सुधार करना पड़ा। उन्होंने गेंद को अपने कब्जे में रखने और पाकिस्तान के सर्कल में मौके बनाने की कोशिश की, लेकिन उनके डिफेंस को भेद नहीं पाए। हालांकि, मैच के 27वें मिनट में पाकिस्तानी डिफेंडर द्वारा किए गए उल्लंघन के कारण एक पीसी मिल गया। हालांकि जापान ने अपने पहले प्रयास में निष्पादन में गड़बड़ी की, लेकिन अगले मिनट में एक और फुट फाउल के कारण उन्हें एक और पीसी मिल गया। इस बार, उन्होंने निष्पादन में कोई गलती नहीं की, उनके कप्तान रायकी फुजीशिमा ने पाकिस्तान के गोलकीपर इश्तियाक अब्दुल्ला खान को छकाते हुए गेंद को आगे बढ़ाया। हाफ-टाइम ब्रेक के बाद, दोनों टीमों ने गोल करने के लिए जोर लगाया। पाकिस्तान ने जहां सात सर्कल बनाए, वहीं जापान ने छह बनाए। तीसरे क्वार्टर में केवल दो मिनट में, बैक स्टिक के लिए एक अच्छे रेफरल ने जापान को एक पीसी दिलाया, लेकिन खराब निष्पादन ने उन्हें गोल करने से रोक दिया। इस बीच, पाकिस्तान ने भी इस क्वार्टर में चार पीसी बनाए, लेकिन किसी को भी गोल में नहीं बदल सका। पाकिस्तान की रक्षा को अंतिम क्वार्टर में चुनौती दी गई, जिसमें जापान ने 12 पीसी जीते। उन्होंने बराबरी करने के लिए बेताब प्रयास किए, लेकिन पाकिस्तान ने अपनी पूरी ताकत से बचाव किया। उनके गोलकीपर अब्दुल्ला खान भी इस काम के लिए तैयार थे, उन्होंने अपनी टीम को बढ़त बनाए रखने के लिए कुछ पीसी बचाए। अंतिम छह मिनट तनावपूर्ण रहे, जिसमें जापान ने गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा, लेकिन पाकिस्तान ने बढ़त बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की और तीन अंक लेकर मैच अपने नाम कर लिया।

## शाहरुख खान ने कटवा लिए अपने लंबे बाल

### बदला हुआ अवतार देख हर कोई दंग,कुछ को पसंद आया लुक, कुछ बोले- किंग अब बूढ़ा हो रहा



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने एक नया लुक दिखाने के बाद एक बार फिर फैंस को एक्साइटेड कर दिया है। एक्टर ने पिछले साल अपने लंबे बालों के साथ मैन-बन में कमाल करते हुए नया लुक अपनाया था। एक्टर हाल ही में एक इवेंट में आए, जहां उन्होंने बहुत छोटे हेयरस्टाइल के साथ कमाल दिखाया। पूरे काले कलर के कैजुअल लुक में, अपने बेटे आर्यन खान की फैशन लाइन से, स्त्र्क्ष ने मंगलवार शाम को इवेंट में शिरकत की, जिसमें उनका नया अवतार देखकर कुछ लोग चौंके भी तो कुछ ने उनकी तारीफ भी की।शाहरुख खान के नए लुक ने फैंस को उत्साह से भर दिया है। कई लोग सोच रहे हैं कि क्या उन्होंने अपनी अगली फिल्म किंग के लिए अपनी चोटी और पोनीटेल काट दी है। शाहरुख खान पठान और जवान जैसी अपनी हालिया ब्लॉकबस्टर फिल्मों में लंबे बालों में थे। वो पिछले महीने तक अपने कई हेयर स्टाइल दिखाते नजर आए थे।छोटे बालों में अचानक बदलाव से अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह उनके अगले रोल के लिए उनकी तैयारी का हिस्सा हो सकता है, जिसमें वह अपनी बेटी सुहाना खान और अभिषेक बच्चन के साथ नजर आएंगे। कई फैंस ने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर पूछा- ïशाहरुख खान अब छोटे हेयरस्टाइल के साथ एक नए लुक में हैं। शायद ïकिंग मूवी के लिए। कौन जानता है...। एक बात पर हर कोई सहमती दिख रहा था कि नए कट के बावजूद वह अच्छे दिख रहे थे। लेकिन एक ने कह दिया- हमारा किंग अब बूढ़ा हो रहा है। जहां फैंस को किंग के सिनेमाघरों में आने से पहले कुछ महीनों तक इंतजार करना पड़ सकता है, वहीं एक्टर आगामी लाइव-एक्शन फिल्म मुफासा द लायन किंग में अपनी आवाज देते नजर आएंगे। उनके साथ बेटे अबराम खान और आर्यन खान भी होंगे, जो फिल्म में दूसरे कैरेक्टर्स को अपनी आवाज देंगे।

## कौन है ये रूहानी शर्मा जिसकी हो रही इतनी चर्चा...

### विराट कोहली की साली करेंगी बॉलीवुड डेब्यू



एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के बारे में तो हर दिन हम कई सारी बातें सुनते और देखते रहते हैं लेकिन अब उनकी बहन भी चर्चे में आ गई हैं। हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं वह कोई और नहीं बल्कि रूहानी शर्मा हैं। रूहानी एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की कजिन हैं। उनकी फोटोज और हालिया गपशप हर तरफ खबरों में बनी हुई है। वो विराट कोहली की साली साहिबा हैं। हिमाचल प्रदेश में जन्मी और पली बढ़ी रूहानी शर्मा ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से ग्रेजुएशन की पढ़ाई की है। वह बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की चचेरी बहन हैं और खासकर तेलुगू फिल्मों में काम करती हैं। रूहानी शर्मा पहली बार 2013 में पंजाबी म्यूजिक वीडियो ठेका बाय एमी बैस, क्लासरूम और कुड़ी तू पटाका में दिखाई दीं। 2017 में, उन्होंने तमिल फिल्म कदैसी बेंच कार्थी से एक्टिंग की शुरुआत की और उनका राहुल रवींद्रन की फिल्म ची ला सो से तेलुगू डेब्यू हुआ और उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया। इसके बाद उन्होंने हिटः द फर्स्ट केस और नुतोक्का जिलला अंदागाडु जैसी फिल्मों में काम किया। रूहानी शर्मा ने अपना हिंदी डेब्यू फिल्म आगरा से किया था। इसमें मोहित अग्रवाल, प्रियंका बोस, रूहानी शर्मा, विभा छिब्बर, सोनल झा और आंचल गोस्वामी हैं। फिल्म का प्रीमियर 24 मई 2023 को 2023 कान्स फिल्म फेस्टिवल के साथ हुआ। इस फिल्म के ऑनलाइन लीक होने के बाद, फिल्म के कुछ क्लिप्स वायरल हुए जिसमें उनके कुछ इंटिमेट सीन थे, ये सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। फिल्म में इंटिमेट सीन के लिए एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया गया। इस वजह से भी वो लोगों के निशाने पर हैं इसके चलते रूहानी शर्मा ने एक बयान जारी कर अपनी निराशा जताई है। बयान में कहा गया है, हमारे महीनों की कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून को इस तरह से नजरअंदाज होते देखना दिल तोड़ने वाला है। एक आर्ट फिल्म बनाना अनगिनत चुनौतियों, रातों की नींद हराम करके आता है। इससे भी अधिक निराशाजनक बात यह है कि इस तरह के प्रोजेक्ट को जीवंत बनाने में लगने वाले खून, पसीने और आंसुओं को समझे बिना कुछ लोग कितनी जल्दी निर्णय लेते हैं, आगरा सिर्फ एक और फिल्म नहीं है, ये प्यार की मेहनत है, जिसका प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 में हुआ।

## संक्षिप्त खबर

### सट्टा किंग सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल का केस के मामले में हुई सुनवाई

**बिलासपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** महादेव सट्टा एप मामले में आज हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। रायपुर विशेष अदालत द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ एप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। मामले में आज सुनवाई अधूरी रही, जिसकी वजह से कल भी मामले की सुनवाई जारी रहेगी.जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की अदालत में हुई सुनवाई में महादेव सट्टा एप के संचालक और वोंटूलो के नागरिक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ने अपने अधिवक्ता कपिल सिब्बल के जरिए गैर जमानती वारंट को चुनौती देते हुए कहा है कि अदालत ने क्षेत्राधिकार से बाहर जा कर यह वारंट जारी किया है।कपिल सिब्बल ने कहा कि रायपुर स्थित ईडी की अदालत ईडी को यह निर्देशित नहीं कर सकती कि सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को गिरफ़्तार करें। यह अदालत अपने क्षेत्राधिकार के लिए विधिक अधिकार से संपन्न है लेकिन क्षेत्र से बाहर के लिए ऐसा नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्यर्पण केंद्र सरकार का काम है. लेकिन केंद्र सरकार ने वोंटूलो में रह रहे सौरभ चंद्राकर के प्रत्यर्पण की कोई कार्यवाही नहीं की है।

### कांस्टेबल के ट्रांसफर पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बिलासपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** गर्भवती पत्नी की देखभाल में किसी तरह की चूक ना हो इसे देखते हुए हाई कोर्ट ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आईजी रायपर रेंज द्वारा किये गए तबादला आदेश पर रोक लगा दी है। नवदीप ठाकुर, जिला धमतरी में पुलिस कांस्टेबल के पद पर पदस्थ थे। पदस्थापना के दौरान आईजी रायपुर रेंज ने एक आदेश जारी कर नवदीप का स्थानांतरण जिला धमतरी से जिला-महासमुंद कर दिया गया। आईजी द्वारा किये गए स्थानांतरण आदेश को चुनौती देते हुए नवदीप ठाकुर ने अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं दुर्गा मेहर के माध्यम से हाई कोर्ट बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका दायर की।

# आवास योजना की पात्रता में बदलाव

» 15 सितंबर को पीएम मोदी ट्रांसफर करेंगे पहली किस्त
» डेप्युटी सीएम विजय शर्मा ने दी बदलाव की जानकारी
» रायपुर के इंडोर स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

**रायपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में बड़ा बदलाव किया गया है। छत्तीसगढ़ के डेप्युटी सीएम विजय शर्मा ने पात्रता के नए नियमों की जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि अब जिन नागरिकों के पास टू व्हीलर, मछली पकड़ने की नाव, रेफ्रीजरेटर, लैंडलाइन फोन है या जिनकी आय 15,000 रुपए प्रतिमाह तक है उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र माना जाएगा। इसके साथ साथ ही जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। डेप्युटी सीएम ने बताया कि राज्य में आवास योजना के लाभार्थियों को पहली किस्त 15 सितंबर को जारी की जाएगी।

#### पीएम आवास योजना के लिए लांच होगा एप्लीकेशन

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि आगामी 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास प्लस 2024 एप्लीकेशन




का शुभारंभ करेंगे। यह छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा जब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी। शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा राज्य के लिए अब तक 8 लाख 46 हजार 931 आवास स्वीकृत हो चुके हैं। जिससे 2011 की आवासहीनों की सूची, जिसे परमानेंट वेटिंग लिस्ट कहा जाता है, पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही आवास प्लस की सूची में भी यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि जो पात्र नागरिक अभी तक छूटे हुए हैं, उनके नाम 15 सितंबर के बाद जोड़े जा सकेंगे।

#### खाते में ट्रांसफर होगी पहली किस्त

विजय शर्मा ने कहा- 15 सितंबर को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पीएम मोदी ऑनलाइन मोड में पीएम आवास योजना के साढ़े पांच लाख लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त ट्रांसफर करेंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद रहेंगे। सीएम यहां एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

#### गृहप्रवेश भी कराएंगे पीएम

विजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनने के बाद से लगभग 1,96,000 नए प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूरा हो चुका है। जिनका गृह प्रवेश भी 15 सितंबर को किया जाएगा। आने वाले एक-दो महीनों में शेष बचे लगभग साढ़े 9 लाख नागरिकों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त प्रदान की जाएगी।

## अमेरिका में राहुल गांधी के बयान पर भड़के सीएम साय कहा...विदेश जाकर कर रहे देश को बदनाम

» पूर्व सीएम भूपेश ने किया पलटवार,बोले-उन्होंने नहीं दिया कोई गलत बयान, अपमान तो पीएम मोदी ने किया था'

**रायपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं। जहां उन्होंने देश में बेरोजगारी को लेकर चिंता व्यक्त की और पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। राहुल के बयान को लेकर भारत में सियासी पारा बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि कांग्रेस पार्टी के नेता विदेश में जाकर अपने देश की बदनामी कर रहे है। इसके लिए उनकी जितनी निंदा



की जाए उतनी कम है।

सीएम विष्णु देव साय ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को मिले शासकीय आवास से बड़ी संख्या में सामान गायब होने की शिकायत पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी लोग भ्रष्टाचार की बात करेंगे तो शोभा नहीं देता, कांग्रेसी तो पूरा पाँच साल भ्रष्टाचार के बिता दिए। छत्तीसगढ़ में कोयला, रेत, शराब, महादेव एप भ्रष्टाचार सबके जानकारी में है। इन भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि सिविल लाइन स्थित इस ष्ट2 बंगले में पहले पूर्व कांग्रेस सरकार में नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया रहते थे।

#### पूर्व सीएम ने दिया ये जवाब

सीएम विष्णु देव साय के इन बयानों के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कोई गलत बयान नहीं दिया है और न ही उन्होंने देश का अपमान किया है। अपमान तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। पूर्व सीएम ने इसके अलावा पूर्व मंत्री मो. अकबर पर एफआईआर और पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के खिलाफ हुई शिकायत पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

#### बदले की कार्रवाई चल रही है : पूर्व सीएम

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार को पहले सुसाइड नोट का परीक्षण कराना था। बिना जांच-पड़ताल एफआईआर दर्ज की जा रही है। बदले की कार्रवाई चल रही है। पहले देवेंद्र यादव, फिर मो. अकबर और शिवकुमार डहरिया पर झूठे केस दर्ज किया जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है. हम डरने वाले नहीं है। गौरतलब है कि इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि जिन्होंने गलत किया उन पर कार्रवाई तो होगी ही।

## नकली होलोग्राम के आरोपियों की न्यायिक रिमांड 14 दिन के लिए बढ़ी

**रायपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला और नकली होलोग्राम मामले के आरोपियों की न्यायिक रिमांड 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी



को कोर्ट ने 25 सितंबर तक जेल भेज दिया है। आज ईडी की स्पेशल कोर्ट में दोनों को पेश किया गया था, जहां दोनों आरोपियों की रिमांड बढ़ाई गई। वहीं नकली होलोग्राम मामले में जेल में बंद 4 आरोपियों को भी आज एसीबी की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी दिलीप पांडे, अनुराग दिवेदी, दीपक द्वारी, अमित सिंह की न्यायिक रिमांड भी 14 दिन यानी 25 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

पकड़े गए आरोपी के कब्जे से ईओडब्ल्यू ने डुप्लीकेट होलोग्राम के परिवहन संबंधी इंपॉर्टेंट दस्तावेज भी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी दिलीप पांडे ने ईओडब्ल्यू को पूछताछ में बताया कि नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन के अंडरग्राउंड कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग के सेटअप से जुड़े हुए इंडस्ट्रियल कंप्यूटर के हार्ड ड्राइव को भी बरामद कर लिया था। जिसकी वीडियोग्राफी कराकर जब्त की गई थी। प्रिज्म कंपनी के नोएडा स्थित मुख्यालय से डुप्लीकेट होलोग्राम छपवाकर रायपुर तक परिवहन के लिए उपयोग में आने वाले डॉक्यूमेंट जिसमें डुप्लीकेट होलोग्राम की संख्या और दूसरी जानकारी दर्ज होती थी, उसे भी आरोपी दिलीप पांडे के कब्जे से बरामद किया गया थी, जिसकी जांच की जा रही है. पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि सिंडिकेट के मुख्य आरोपी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी की संलिप्तता प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता के द्वारा 2019 से लेकर 2022 तक फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ में स्थित डिस्टीलारियों को उपलब्ध कराया गया था।

## पीएससी को मुख्य परीक्षा 2005 की सभी आंसर शीट देने हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

» आरटीआई के तहत देनी होगी जानकारी

**बिलासपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** वर्ष 2005 में ली गई मुख्य परीक्षा के सातों विषयों की आंसर शीट पीएससी को आरटीआई के तहत देनी होगी. हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने पीएससी की याचिका यह कहते हुए निराकृत कर दी है. कोर्ट ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के अनुसार याचिकाकर्ता आरटीआई में आंसर शीट हासिल करने की पात्रता रखता है.

बता दें, कि दुर्ग निवासी प्रवीण चंद्र श्रीवास्तव ने पीएससी की वर्ष 2005 में परीक्षा दी थी. उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम



2005 के प्रावधानों के तहत मुख्य परीक्षा की आंसर शीट की कॉपी देने की मांग की थी. पीएससी के जनसूचना अधिकारी ने उनकी अर्जी खारिज कर दी थी. इसके बाद राज्य सूचना आयोग में अपील की. आयोग ने वर्ष 2015 में पीएससी को आंसरशीट देने को कहा. पीएससी ने वर्ष 2015 में ही हाईकोर्ट में इस आदेश को चुनौती दी. परीक्षार्थी प्रवीण चंद्र श्रीवास्तव की तरफ से एडवोकेट गौरव सिंघल ने पैरवी की. मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा, कि परीक्षार्थी आंसर शीट की कॉपी प्राप्त करने का हकदार है. राज्य सूचना आयोग के आदेश के अनुसार पीएससी मुख्य परीक्षा 2005 के वैकल्पिक विषयों लोक प्रशासन और मानव विज्ञान के सभी सात प्रश्नपत्रों की आंसरशीट दे. कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा कई मामलों में दिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए आंसरशीट की कॉपी देने के निर्देश दिया और याचिका निराकृत कर दी है।

## जमानत मिली तो विदेश भाग सकते है अनिल टुटेजा

**रायपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में एसीबी-ईओडब्ल्यू कोर्ट ने रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। ईओडब्ल्यू की विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी इसका फैसला सुनाया। टुटेजा ने



अपनी जमानत याचिका में कहा बताया कि उन्हें झूठे केस में फंसाया गया। टुटेजा ने कोर्ट में बताया कि रिमांड के दौरान ईओडब्ल्यू की टीम ने प्रताड़ित करने के लिए 14 दिन की रिमांड पर लिया। अब तक जांच के दौरान उनके पास से शराब की बोतल और नकली होलोग्राम तक बरामद नहीं हुआ है।और जो आरोप लगाए गए वे भी साबित नहीं हो पाए है। उनके वकील ने स्वास्थ्य को देखते हुए जमानत दिए जाने की मांग की थी।

**छत्तीसगढ़ के हवाई यात्रियों को मिला एक बड़ा तोहफा**

## नवंबर में फिर शुरू होगी विशाखापत्तनम की उड़ान

**रायपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के हवाई यात्री डेढ़ साल बाद एक बार फिर रायपुर से विशाखापट्टनम के लिए उड़ान भर सकेंगे। यह उड़ान नवंबर माह में शुरू होने की संभावना है. डेढ़ साल पहले तक, एयर इंडिया एकमात्र एयरलाइन थी जो रायपुर से विशाखापत्तनम के लिए उड़ानें संचालित करती थी।13 फरवरी 2023 को एयर इंडिया द्वारा रायपुर से परिचालन बंद करने के बाद यह उड़ान भी बंद कर दी गई थी।मालूम हो कि विस्तारा एयरलाइंस की उड़ानें 11 नवंबर से बंद हो रही हैं और एयर इंडिया 12 नवंबर से रायपुर से दिल्ली के बीच उड़ानें संचालित करेगी। कुछ दिनों बाद विशाखापत्तनम से कनेक्टिविटी के साथ रायपुर से मुंबई के लिए भी उड़ान शुरू होने की संभावना है। ट्रैवल ऑपरेटर्स के मुताबिक, एयर इंडिया की उड़ानें शुरू होने



के बाद कुछ नए शहर भी हवाई सेवा से जुड़ सकते हैं।ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीआईई) के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने कहा कि रायपुर से जयपुर, पटना, राजकोट और विशाखापत्तनम के लिए उड़ानें शुरू करने के लिए एयरलाइंस को लिखा गया है। इन शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू करने की मांग तेज है. खासकर विशाखापत्तनम रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ी है.हैदराबाद फ्लाइट को जयपुर तक बढ़ाने की तैयारीइंडिगो एयरलाइंस 23 सितंबर से रायपुर से हैदराबाद फ्लाइट शुरू कर रही है। त्योहारी सीजन में इस फ्लाइट को जयपुर तक बढ़ाने की तैयारी चल रही है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और कैट ने भी स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से हवाई सेवा बढ़ाने के लिए पत्र लिखा है। कैट ने रायपुर से वाराणसी और अंबिकापुर के लिए उड़ान शुरू करने की मांग की.चैंबर ने सूरत उड़ान के लिए केंद्र को लिखा पत्रछत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू को रायपुर और सूरत (गुजरात) के बीच उड़ान शुरू करने के लिए पत्र लिखा है। चैंबर के अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि सूरत के लिए उड़ान शुरू होने से दोनों राज्यों के बीच आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। नई नौकरियाँ भी पैदा होंगी. हवाई सेवा से आम नागरिकों को भी लाभ होगा।

## 10 वीं और 12 वीं की अंकसूची की गलतियां सुधरवाने लंबा इंतजार




» त्रुटि सुधार के लिए काट रहे चक्कर
» बस्तर,बिलासपुर, कोरबा आदि जगहों से रोज पहुंचाते हैं विद्यार्थी
» 10 वीं-12 वीं अंकसूची में नाम, जाति व जन्मदिन की त्रुटियां ज्यादा
»माशिमं में त्रुटि सुधार के अभी भी 25 हजार आवेदन लंबित

**रायपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) में 10 वीं और 12 वीं की अंकसूची की गलतियां सुधरवाने विद्यार्थियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। छोटी सी गलतियों के लिए भी विद्यार्थी पांच से सात महीने तक चक्कर काट रहे हैं। इनमें बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग के युवा भी शामिल हैं। ज्यादातर आवेदन त्रुटि सुधार के हैं, जो नाम, जाति और जन्मतिथि सुधार कराने के लिए दिए गए हैं।जानकारी के अनुसार अभी माशिमं में 25 हजार से ज्यादा आवेदन लंबित हैं। हर साल अंकसूची में सुधार के लिए पांच हजार के आसपास आवेदन आते हैं। इनमें से 70 प्रतिश आवेदनों का ही निराकरण हो पाता है। जबकि हर साल 1,500 से दो हजार आवेदन लंबित रह जाते हैं।

माशिमं के अधिकारियों ने बताया कि त्रुटि सुधार के लिए युवा अपने-अपने संभाग कार्यालय, डाक और ई-मेल से भी आवेदन कर सकते हैं। वहीं विद्यार्थियों का कहना है कि संभाग में जल्दी सुधार नहीं होता। इसलिए मुख्यालय आना उचित समझते हैं, लेकिन संभाग जैसी हालत यहां भी दिखाई देती है।

#### ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था नहीं

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में अंकसूचियों की त्रुटियां सुधारने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था नहीं की है। इसके चलते प्रतिदिन कार्यालय में अलग-अलग जिलों से 50 से अधिक विद्यार्थी अंकसूचियों में सुधार करवाने के लिए पहुंच रहे हैं।

## दुर्ग में रिश्वतखोर अफसरों को एसीबी ने दबोचा

**रायपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ दो अधिकारियों को पकड़ा है। अधिकारियों के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी से 10 हजार की मांग की गई थी। आज 6 हजार रूपये नगदी लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा है। एसीबी प्रार्थी देवव्रत देवांगन, निगम सचिव के पद पर नगर पालिक निगम, रिसाली, भिलाई में पदस्थ था। उसने एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर के कार्यालय में शिकायत की थी कि सेवानिवृत्त होने के पश्चात् भी उसका पदोन्नत पद पर वेतन निर्धारण / सत्यापन उप-संचालक, राज्य संपरीक्षा कार्यालय, दुर्ग में लंबित था, जिस



दिनेश कुमार, उप संचालक — होमन कुमार, सहायक संपरीक्षक

वजह से उसका पेन्शन एवं अन्य देयताएं नहीं मिल पा रही थी।

प्रार्थी राज्य संपरीक्षा कार्यालय, दुर्ग में पदस्थ आरोपीगण दिनेश कुमार, उप संचालक (संपरीक्षा), एवं होमन कुमार, सहायक संपरीक्षक से कई बार मिला किन्तु उनके द्वारा सत्यापन नहीं किया जा रहा था। बल्कि 10,000 रू रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रार्थी रिश्वत नहीं देता चाहता था, बल्कि रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन के दौरान प्रार्थी के निवेदन पर आरोपीगण 6000 रिश्वत लेने को सहमत हुए। आज दिनांक 11.09.2024 को ट्रेप आयोजित कर राज्य संपरीक्षा कार्यालय, दुर्ग में पदस्थ आरोपी दिनेश कुमार, उप संचालक (वित्त) एवं आरोपी होमन कुमार, सहायक संपरीक्षक को 6000 रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए

**रायपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। मुख्यमंत्री निवास में आज आयोजित की गई एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में सर्व सम्मति से मुख्यमंत्री साय को अध्यक्ष चुना गया।




मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आज व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए गौरव की बात है, आप लोगों ने सर्वसम्मति से मुझे छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना। इसके लिए आप सभी का हृदय से आभार । मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एसोसिएशन के अनेक आयोजनों में मुझे शामिल होने का मौका मिला। राष्ट्रीय आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा जी के साथ भी मुझे आयोजनों में शामिल होने का मौका मिला।

## अमित शाह की अटैकिंग नीति के बीच छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को सरेंडर ऑफर

**रायपुर, 11 सितंबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के सफाए को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कठोर नीति अपनाई है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी उतार दिए हैं। इसके साथ ही अमित शाह ने मार्च 2026 तक इसके लिए डेटलाइन तय की है। शाह की आक्रामक नीति के बीच छत्तीसगढ़ सरकार सरेंडर ऑफर लेकर आई है। इसके तहत सरेंडर करने वाले नक्सलियों घर, जमीन और भत्ता सरकार दे सकती है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ सरकार ने योजना बनाई है। इस ऑफर से हथियार डालने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

#### केंद्र को भेजा गया प्रस्ताव

सूत्रों का कहना है कि आत्मसमर्पण प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्र को भेजा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादी प्रभावित राज्यों में सुरक्षा की समीक्षा करने के लिए छत्तीसगढ़ की अपनी हालिया यात्रा के दौरान माओवादियों से सरेंडर करने की अपील की थी। साथ ही



चेतावनी दी थी कि जो लोग बंदूक के दम पर जीना जारी रखेंगे, उन्हें आक्रामक अभियानों का सामना करना पड़ेगा।

#### आत्मसमर्पण नीति के तहत मिलेंगी सुविधाएं

सूत्रों ने बताया कि आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति की एक प्रमुख विशेषता पूर्व माओवादियों के लिए एक स्थायी घर है। यह एक परिसर होगा। साथ ही आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों के लिए पीएमएवाई घरों के निर्माण के लिए भूमि का सीमांकन किया जाएगा।

#### जिला प्रशासन को भेजे जा चुके हैं पत्र

इसके लिए जिला प्रशासन को पत्र पहले ही भेजे जा चुके हैं। घर आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों के नाम पर पंजीकृत किया जाएगा और उनके बैंक खातों में धनराशि जमा की जाएगी।

#### 10,000 रुपए भत्ता मिलेगा

प्रस्तावित नीति के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को हर महीने 10,000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा। साथ ही, सरकार ने सबसे ज्यादा प्रभावित पांच जिले कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए %पुनर्वास केंद्र% स्थापित करने की योजना बनाई है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)